

## धमाल मचाएगा 'डाकू महाराज' का तीसरा गाना, नंदमुरी बालकृष्ण-उर्वशी रौतेला का पोस्टर जारी

**अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की नई फिल्म 'डाकू महाराज' के दो गाने पहले रिलीज हो चुके हैं। अब निर्माताओं ने फिल्म के तीसरे गाने की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है।**

**मुंबई** : अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की नई फिल्म 'एनबीके 109' का आधिकारिक शीर्ष 'डाकू महाराज' है, जिसके घोषणा पहले ही की जा चुकी है। अब फैंस के बीच उत्साह बढ़ाने के लिए फिल्म के निर्माता लगातार 'डाकू महाराज' से जुड़ी नई जानकारियां और झलकियां साझा कर रहे हैं। फिल्म के दो गाने पहले ही रिलीज हो चुके हैं और अब निर्माता इसके तीसरे गाने की रिलीज की तैयारियां कर रहे हैं।

**इस दिन जारी होगा गाना**

अब निर्माताओं की फिल्म के तीसरे गाने की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि 'डाकू महाराज' का तीसरा गाना 4 जनवरी, 2025 को यूएसए प्री-रिलीज इवेंट के दौरान रिलीज किया जाएगा, जो कि भारतीय समय के अनुसार 5 जनवरी, 2025 को होगा। फिल्म का तीसरा गाना थमन द्वारा रचित एक उच्च-ऊर्जा मास ट्रैक है, जो फैंस को खूब पसंद आएगा।

**फिल्म का नया पोस्टर**

उत्साह बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने बालकृष्ण और उर्वशी रौतेला के साथ एक खास पोस्टर जारी किया है। गायक, गीतकार और शीर्षक सहित गीत के बारे में अधिक जानकारी जल्द ही सामने आएगी। पोस्टर साझा करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'नए साल पर मिलेगा बड़ा धमाका। सिनेमाघरों को रोमांचक संगीत समारोहों में बदलने के लिए तैयार हो जाइए।'

**फिल्म के कलाकार और रिलीज डेट**

'डाकू महाराज' में बॉबी देओल और रवि किशन खलनायक की भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म में जिन अन्य सितारों को कास्ट किया गया है, उनमें उर्वशी रौतेला, चांदनी चौधरी, प्रज्ञा जायसवाल और श्रद्धा श्रीनाथ शामिल हैं। फिल्म का संगीत एस थमन ने दिया है, जबकि इसे बॉबी कोल्ली ने लिखा और निर्देशित किया है।

## खराब प्रदर्शन के कारण वरुण धवन को लगा झटका, 'मार्को' के हिंदी संस्करण से बदले गए 'बेबी जॉन' के शो

**उन्नी मुकुंदन की 'मार्को' को प्रशंसा और अच्छी समीक्षा मिली, जबकि वरुण धवन की 'बेबी जॉन' को बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष करना पड़ा। अब 'बेबी जॉन' ने कई स्क्रीन खो दी है।**



**मुंबई** : वरुण धवन, कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी की फिल्म बेबी जॉन आखिरकार क्रिसमस पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसे चुनौतियों का सामना करना पड़ा। हाल ही में आई एक रिपोर्ट बताती है कि फिल्म अब अपनी स्क्रीन खो रही है और अब यह उन्नी मुकुंदन की मलयालम फिल्म 'मार्को' के सामने है, जिसका हिंदी संस्करण उत्तर भारत में खूब लोकप्रिय हो रहा है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि बढ़ती मांग के कारण 'बेबी जॉन' के कई शो को 'मार्को' के हिंदी संस्करण से बदला जा रहा है।

**'मार्को' से हार गया 'बेबी जॉन'**

रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्नी मुकुंदन की मलयालम फिल्म 'मार्को' के हिंदी संस्करण को फिल्म प्रेमियों से बहुत ज्यादा डिमांड मिल रहा है। फिल्म के शो की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बेबी जॉन के कई शो को मार्को से बदला जा रहा है। 20 दिसंबर को रिलीज हुई मार्को को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। फिल्म के बारे में चर्चा इतनी जोरदार है कि उन्नी मुकुंदन ने हाल ही में एक्स पर घोषणा की कि इसकी हिंदी रिलीज के लिए 140 से अधिक अतिरिक्त शो जोड़े गए हैं।

**कम किए गए 'बेबी जॉन' के शो**

रिपोर्ट्स के अनुसार, मुंबई के नजदीक ठाणे स्थित मूवीमैक्स वंडर मॉल में 29 दिसंबर, रविवार को हिंदी में मार्को के पांच शो दिखाए जाने की योजना थी, जबकि बेबी जॉन के सिर्फ तीन शो थे। मुंबई के मशहूर जी7 मल्टीप्लेक्स में बेबी जॉन पहले 1000 सीटों वाली गेयटी में और गॉसिप में भी दो शो दिखाए जा रहे थे। वरुण धवन अभिनीत इस फिल्म को अब गैलेक्सी में शिफ्ट कर दिया गया है, जिसमें गेयटी से 200 सीटें कम हैं, जबकि पुष्पा 2 फिर से गेयटी में वापस आ गई है। वीकेंड में 'बेबी जॉन' के और शो कम किए जाएंगे। पीवीआर आईनॉक्स पिक्चर्स सीपी बराह में 275 सिंगल स्क्रीन में से केवल चार में वरुण धवन अभिनीत यह फिल्म रिलीज हुई।

**'पुष्पा 2' से भी पीछे 'बेबी जॉन'**

कई दर्शकों ने फिल्म की कहानी में दिखाई गई क्रूरता की तुलना संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल (2023) से भी की है। उनका दावा है कि इसकी तुलना में 'एनिमल' शांत लगती है। मार्को के प्रति इस जिज्ञासा को देखते हुए वितरक इसे बेबी जॉन, पुष्पा 2: द रूल और मुफासाः द लायन किंग जैसी फिल्मों पर प्राथमिकता दे रहे हैं। 'बेबी जॉन' को पहले हफ्ते में ही अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' से भी संघर्ष करना पड़ा, जो अपने चौथे सप्ताह में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।


**'मार्को' का दमदार प्रदर्शन**

हनीफ अदेनी द्वारा निर्देशित मार्को को भारत की सबसे हिंसक फिल्मों में से एक माना जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म ने भारत में 29.9 करोड़ रुपये और वैश्विक स्तर पर 57 करोड़ रुपये की कमाई की है और यह 1 जनवरी को तेलुगु में रिलीज होने वाली है, जिससे इसकी कमाई में और इजाफा हो सकता है।

**फ्लॉप की राह पर 'बेबी जॉन'**

वहीं, इस बीच कालीस द्वारा निर्देशित और एटली द्वारा सह निर्मित 'बेबी जॉन' तमिल हिट 'थेरी' की रीमेक है। अपने स्टार-स्टडेड कास्ट के बावजूद फिल्म ने दर्शकों और आलोचकों को निराश किया है, जिससे बॉक्स ऑफिस पर इसका प्रदर्शन ठंडा रहा। फिल्म ने अब तक भारत में 19.65 करोड़ रुपये और दुनिया भर में 27.60 करोड़ रुपये की कमाई की है, जो उम्मीदों से कम है। पहले हफ्ते में ही 'बेबी जॉन' फ्लॉप होने की राह पर निकल पड़ी है।

## होटल के कमरे में मृत पाए गए मलयालम अभिनेता दिलीप शंकर, जांच में जुटी पुलिस



**मलयालम अभिनेता दिलीप शंकर को होटल के कमरे में मृत पाया गया। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।**

**मुंबई** : मलयालम अभिनेता दिलीप शंकर के प्रशंसकों के लिए बुरी खबर सामने आई है। दिलीप रविवार सुबह तिरुवनंतपुरम के एक होटल के कमरे में मृत पाए गए। रिपोर्टों के अनुसार, 'चप्पा कुरिशु' और 'नॉर्थ 24 काथम' जैसी फिल्मों में अभिनय करने वाले अभिनेता ने अपने निधन से दो दिन पहले होटल में चेक इन किया था।

**फर्श पर मृत पाए गए दिलीप शंकर**

कथित तौर पर कमरे से दुर्गंध आने के बाद होटल कर्मचारियों ने दरवाजा खोला। अभिनेता को होटल के कमरे के फर्श पर पड़ा पाया गया, जिससे उनकी अचानक मौत की तत्काल जांच की गई। शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि शंकर की मौत में किसी साजिश का कोई संकेत नहीं है।


**आखिरी बार 'पंचाग्नि' में नजर आए दिलीप शंकर**

शंकर के असामयिक निधन ने मलयालम मनोरंजन इंडस्ट्री को सदमे में डाल दिया है। अभिनेता को आखिरी बार सीरियल 'पंचाग्नि' में चंद्रसेनन की भूमिका में देखा गया था और हाल ही में उन्हें 'अम्मायारियाथे' में अपने किरदार पीटर के लिए प्रशंसा मिली थी। उनकी 'पंचाग्नि' को-स्टार सीमा जी नायर ने अपना दुख व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। उन्होंने अपने नोट में लिखा, 'आपने मुझे पांच दिन पहले फोन किया था, लेकिन मैं तब आपसे ठीक से बात नहीं कर पाई थी।'

**कारण का पता लगाने में जुटी पुलिस**

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 'पंचाग्नि' के निर्देशक ने कहा कि शंकर एक गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे और उनका इलाज चल रहा था। हालांकि, इस बीमारी का विवरण अभी भी अज्ञात है। पुलिस ने अभिनेता के आकस्मिक निधन की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों द्वारा अभी तक मौत के कारण का पता नहीं लगाया जा सका है।

## 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के सेट पर घायल हुईं तेजस्वी प्रकाश, अभिनेत्री ने चोट दिखाकर बताई वजह



**'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के सेट पर अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश के साथ एक घटना घटी। वहीं, उन्हें इसके पीछे की वजह का भी खुलासा करते देखा गया है।**

**मुंबई** : तेजस्वी प्रकाश टेलीविजन स्क्रीन पर वापस आने के लिए तैयार हैं और प्रशंसक इसे जानकर काफी ज्यादा उत्साहित हैं। अभिनेत्री जल्द ही आगामी रियलिटी शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में अपनी कुकिंग स्किल का प्रदर्शन करती नजर आएंगी। कुकिंग रियलिटी शो की शूटिंग शुरू हो गई है। दुर्भाग्यवश, 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' की शूटिंग के दौरान तेजस्वी घायल हो गईं।

**सेट पर स्पॉट हुईं तेजस्वी**

तेजस्वी प्रकाश को हाल ही में 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के सेट पर पैपराजी ने स्पॉट किया। नीले टॉप और ग्रे जॉगर्स में तेजस्वी तस्वीरों के लिए पोज देती हुई खूबसूरत लग रही थीं। हालांकि, पैपराजी ने तेजस्वी के घायल हाथ को देखा और अपनी चिंता व्यक्त की। उनसे बात करते हुए अभिनेत्री ने शो में खाना बनाते वक्त घायल होने का खुलासा किया।

**शो के सेट पर जलीं अभिनेत्री**

तेजस्वी प्रकाश ने पैपराजी को अपनी चोट के बारे में सूचित करते हुए कहा, 'जल गया।' जब उनसे पूछा गया कि उनका हाथ कैसे जल गया, तो तेजस्वी ने कहा, 'जल गया, ओवन में।' इसमें देखा गया कि अभिनेत्री ने अपने घायल हाथ पर क्रीम लगाई हुई थी। 'नागिन 6' के बाद तेजस्वी प्रकाश 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में नजर आएंगी। प्रशंसक उनकी वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

**'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के लिए उत्साहित तेजस्वी**

आगामी रियलिटी शो के निर्माताओं ने एक के बाद एक प्रोमो जारी करना शुरू कर दिया है, जिससे दर्शकों को इस शो में प्रतियोगियों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों की झलक मिल रही है। अपने उत्साह के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने साझा किया, 'मैं वास्तव में विश्वास करती हूं कि खाना एक लव लैंग्वेज है, इसलिए मैंने दर्शकों को प्रभावित करने के लिए अपना दिल (और कुकिंग स्किल) लगाने का फैसला किया है, और मुझे उम्मीद है कि यही सफलता का नुस्खा है।'

**'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' की कास्ट, प्रीमियर**

शो में तेजस्वी के अलावा, गौरव खन्ना, दीपिका कक्कड़, राजीव अदातिया, निक्की तम्बोली, अर्चना गौतम, फैसल शेख उर्फ मिस्टर फैसू और उषा नाडकर्णी जैसे कई प्रमुख चेहरे शामिल हैं। इनमें से कई सितारे लंबे ब्रेक के बाद टेलीविजन पर वापसी कर रहे हैं। रणवीर बरार, विकास खन्ना और फराह खान इसके जज होंगे और शो का प्रीमियर जनवरी 2025 में सोनी टीवी पर होगा।

## सलमान खान के प्रशंसक की अनोखी पहल, बीइंग ह्यूमन के कपड़े किए दान



**सलमान खान के एक प्रशंसक ने बीइंग ह्यूमन से कपड़े खरीद कर जरूरतमंदों में दान कर दिया। प्रशंसक ने लोगों से बीइंग ह्यूमन के कपड़े खरीदने का आग्रह भी किया।**

**मुंबई** : सलमान खान ने 27 दिसंबर को अपना 59वां जन्मदिन मनाया। अभिनेता जन्मदिन पर उनके करोड़ों फैंस ने उन्हें बधाई दी। अब एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें सलमान खान के एक प्रशंसक ने जरूरतमंदों को बीइंग ह्यूमन के कपड़े वितरित किए। अभिनेता के प्रशंसक द्वारा किए गए इस कार्य की सोशल मीडिया पर सराहना भी हो रही है।

**लाखों के कपड़े किए दान**

सलमान खान के प्रशंसक कुलदीप सिंह कसवा, जो राजस्थान से हैं। उन्होंने सलमान खान के जन्मदिन पर बीइंग ह्यूमन से 6.35 लाख रुपये की खरीदारी की थी और उसे जरूरतमंदों को दान दिया। प्रशंसक ने सभी से बीइंग ह्यूमन स्टोर से खरीदारी करने का आग्रह किया, क्योंकि, यह हेल्थकेयर और एजुकेशन में अच्छा काम कर रहा है। प्रशंसक के मुताबिक अगर लोग बीइंग ह्यूमन से खरीदारी करेंगे तो उनका पैसा अच्छे कामों में लगेगा।

**बीइंग ह्यूमन क्या है?**

बीइंग ह्यूमन सलमान खान की एक चैरिटी फाउंडेशन है। यह फाउंडेशन गरीब और पिछड़े लोगों की शिक्षा, स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए आर्थिक मदद करता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सलमान खान बीइंग ह्यूमन के जरिए बच्चों की हार्ट सर्जरी, स्वास्थ्य, शिक्षा पर करीब 50 करोड़ से ज्यादा रुपये खर्च भी कर चुके हैं।

**कैसे काम करती है?**

बीइंग ह्यूमन फाउंडेशन को लेकर सलमान खान ने एक इवेंट में कहा था, "हमारी इस फाउंडेशन को मेरे पिता और एक करीबी डॉ. संदीप मिलकर चलाते हैं। इस फाउंडेशन का कोई ऑफिस नहीं है, इसलिए वह बाहर ही मरीजों को चेक करते हैं। कुछ लोग फर्जी भी आ जाते है, लेकिन जितने भी सच्चे केस आते हैं उन्हें मेरे पिता और डॉ. संदीप हैंडल करते हैं। इसके अलावा, हमारे फोर्टिस फाउंडेशन, सुजुकी मोटरसाइकिल और द मैक्स फाउंडेशन जैसे कई पार्टनर्स भी हैं।" सलमान खान की कंपनी बीइंग ह्यूमन कपड़ो सहित कई प्रोडक्ट्स बनाती है, जिसका शेयर लोगों की मदद के लिए जाता है।

## 31 दिसंबर की रात डिनर में बनाएं ये पकवान, मेहमान भी खाकर होंगे खुश

**31 दिसंबर की रात को खास बनाने के लिए डिनर में स्वादिष्ट और विशेष पकवान तैयार किए जा सकते हैं। यहां एक मेनू का सुझाव दिया गया है, जिसमें स्टार्टर्स से लेकर मिठाई तक शामिल हैं।**



**लाइफस्टाइल** : न सिर्फ भारत देश बल्कि दुनिया भर में नए साल के स्वागत की तैयारी जोरों पर है। हर कोई काफी उत्साह और बेसब्री के साथ नए साल का स्वागत करने में लगा है। हर कोई अपने-अपने तरीकों से नए साल का स्वागत करता है। बहुत से लोग 1 जनवरी के दिन पार्टियां करते है, तो वहीं बहुत से लोग साल के आखिरी दिन यानी कि 31 दिसंबर को भी पार्टी करते हैं।

यदि आपने अपने घर पर पार्टी का आयोजन किया है, या फिर आप 31 की रात अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं, तो डिनर में खास पकवान तैयार करें। यहां हम आपको स्टार्टर से लेकर डेजर्ट तक के कुछ ऐसे विकल्प बताने जा रहे हैं, जो साल के आखिरी दिन को खास बना सकते हैं। तो देर न करते हुए न्यू ईयर इव के लिए इन पकवानों को अपनी लिस्ट में शामिल करें।

**पनीर टिक्का**

पनीर टिक्का एक ऐसी रेसिपी है, जिसे बच्चे से लेकर बड़े लोग तक खाना पसंद करते हैं। ऐसे में आप भी नए साल की पहली शाम मसालेदार पनीर के टुकड़े ग्रिल करके परोसें। इसे धनिया-मिंट चटनी के साथ सर्व करें। साधारण पनीर टिक्का की जगह आप मलाई पनीर टिक्का या फिर अफगानी पनीर टिक्का बना सकते हैं।

**चिली पोटैटो या चिली पनीर बनाएं**

यदि आपको पनीर टिक्का काफी पारंपरिक स्टार्टर लग रहा है तो उसकी जगह चिली पोटैटो या चिली पनीर तैयार करें। हल्के तीखे और मीठे स्वाद के साथ ये काफी परफेक्ट चाइनीज ऐपेटाइजर रहेगा। ये भी बच्चों को काफी पसंद आता है। बस ध्यान रखें ये गर्म ही होना चाहिए, ठंडा चिली पोटैटो और चिली पनीर अच्छा नहीं लगता।

**दाल मखनी और नान या पुलाव**

अपने नए साल का स्वागत यदि आप अच्छे खाने के साथ करना चाहते हैं तो दाल मखनी आपकी इवनिंग को यादगार बना सकती है। क्रीमी और स्वादिष्ट दाल मखनी को नान या जीरा राइस के साथ खाया जा सकता है। इसे आप पहले से तैयार करके रख सकते हैं, बस उसे परोसने से पहले एक बार गर्म कर लें।

**नूडल्स और मंचूरियन**


नूडल्स और मंचूरियन एक लोकप्रिय इंडो-चाइनीज डिश है जो भारत में खासतौर पर पसंद की जाती है। यह डिश आमतौर पर पार्टीज, कैफे, और स्ट्रीट फूड स्टॉल्स पर उपलब्ध होती है। ऐसे में आप बिना सोचे इस साल की आखिरी शाम ये डिश तैयार कर सकते हैं। नूडल्स के साथ मंचूरियन खाने में काफी स्वादिष्ट लगते हैं।

# विविध

## अगले साल मेंटल हेल्थ को कैसे रखें ठीक, स्ट्रेस-एंग्जाइटी से कैसे बचें? ये उपाय हैं मददगार

**लाइफस्टाइल** : मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं वैश्विक स्तर पर बढ़ती जा रही हैं। कोरोना महामारी के बाद इसका जोखिम और भी बढ़ गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखना संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरक माने जाते हैं, दोनों में से एक में भी होने वाली समस्या का असर दूसरे पर हो सकता है। युवाओं में तेजी से बढ़ते मानसिक स्वास्थ्य विकारों जैसे स्ट्रेस-एंग्जाइटी और डिप्रेशन लेकर विशेषज्ञ अलर्ट करते हैं।

साल 2024 मानसिक स्वास्थ्य को लेकर काफी चुनौतीपूर्ण रहा, साल 2025 में इसके खतरे से बचे रहने के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को पहले से ही सावधानी बरतते रहने की सलाह देते हैं। आइए जानते हैं कि अगले साल मेंटल हेल्थ को ठीक रखने के लिए क्या-क्या उपाए किए जा सकते हैं?



**मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहना जरूरी**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मानसिक स्वास्थ्य इन दिनों व्यापक रूप से चर्चा का विषय रहा है। मानसिक स्वास्थ्य यह निर्धारित करने में मदद करता है कि आप तनाव को कैसे संभालते हैं, दूसरों से कैसे संबंध बनाते हैं और कैसे फैसले लेते हैं। इनके अलावा मानसिक स्वास्थ्य का ठीक रहना आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक सुधारने के लिए जरूरी है। स्ट्रेस-एंग्जाइटी और डिप्रेशन जैसी मेंटल हेल्थ की दिक्कतें भविष्य में हृदय रोग जैसी गंभीर और जानलेवा समस्याओं का कारण बन सकती हैं।

पर इससे बचाव कैसे किया जाए, नए साल में आप कौन-कौन से उपाय किए जा सकते हैं, आइए जानते हैं।

**अच्छी नींद लेना जरूरी**

मेंटल हेल्थ को ठीक रखने के लिए अच्छी नींद लेना बहुत जरूरी है। अध्ययनों से पता चलता है कि अच्छी नींद सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं मानसिक स्वास्थ्य में भी अहम भूमिका निभाती है। साल 2021 के एक अध्ययन में 273,695 वयस्कों का डेटा शामिल किया गया था। शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग औसतन प्रति रात 6 घंटे या उससे कम सोते थे, उनमें स्ट्रेस-एंग्जाइटी होने की आशंका उन लोगों की तुलना में लगभग 2.5 गुना ज्यादा थी जो औसतन 6 घंटे से ज्यादा सोते थे। इसलिए सभी लोगों के लिए अच्छी नींद बहुत आवश्यक है।

**सोशल मीडिया पर कम समय बिताएं**

लगातार दूसरे लोगों के जीवन के बारे में जानकारी लेते रहने की आदत, आपको तुलना करने पर मजबूर कर देती है। इससे आप खुद के बारे में कम सोचते है, जिससे चिंता और अवसाद की भावनाएं बढ़ जाती हैं। इसलिए जरूरी है कि आप सोशल मीडिया पर कम समय बिताने के लिए प्रयास करें।

सोने से एक घंटे पहले फोन-कंप्यूटर जैसे स्क्रीन से दूरी बना लें और कम से कम समय सोशल मीडिया पर बिताएं।

**व्यायाम की आदत बनाएं**

शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत को ठीक रखने के लिए नियमित व्यायाम की आदत बनाना जरूरी है। रोजाना हल्के स्तर के भी व्यायाम से तनाव से राहत पाने, मूड को बेहतर बनाने, नींद में सुधार करने में मदद मिल सकती है। रोजाना कम से कम 30 मिनट के व्यायाम की आदत बनाएं। ये शरीर में ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने और आपके मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने में सहायक है। वाकिंग-रनिंग जैसे हल्के स्तर के अभ्यास भी मददगार हैं।

---------------

**नोटः यह लेख मेडिकल रिपोर्टस से एकत्रित जानकारियों के आधार पर तैयार किया गया है।**

## स्वास्थ्य क्षेत्र में मिली दो सफलताओं की प्रधानमंत्री ने की तारीफ, इस बीमारी का 80% तक कम हुआ खतरा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल के आखिरी 'मन की बात कार्यक्रम में स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत को मिली दो बड़ी उपलब्धियों की तारीफ की। पहली उपलब्धि मलेरिया और दूसरी कैंसर से लड़ाई से संबंधित है। भारत में 2015 से 2023 के बीच मलेरिया के मामलों और इससे होने वाली मौतों में 80 प्रतिशत तक कमी आई है।**

**लाइफस्टाइल** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल के आखिरी 'मन की बात' कार्यक्रम में स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत को मिली दो बड़ी उपलब्धियों की जमकर तारीफ की। प्रधानमंत्री ने कहा, इन उपलब्धियों ने न सिर्फ दुनियाभर का ध्यान आकर्षित किया है, साथ ही देशवासियों को गौरवान्वित भी महसूस कराया है।

पहली उपलब्धि मलेरिया से लड़ाई से संबंधित है, जो आजादी के समय से ही हमारे लिए सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौती रही है जिसके रोकथाम और मौत के मामलों में अब काफी कमी आई है।

दूसरी उपलब्धि कैंसर के खिलाफ जंग को लेकर है। पहले की तुलना में अब भारत में समय पर कैंसर का इलाज शुरू होने की संभावना काफी बढ़ गई है। समय पर इलाज का मतलब है कैंसर के मरीज का इलाज 30 दिनों के भीतर शुरू हो जाना, जिससे न सिर्फ इस बीमारी को फैलने से रोकने में मदद मिलती है साथ ही रोगी की जान बचने की संभावना भी बढ़ जाती है।

भारत ने अथक प्रयासों की मदद से मलेरिया और कैंसर को लेकर जो सफलताएं पाई हैं वह निश्चित ही सराहनीय हैं, आइए इस बारे में विस्तार से समझते हैं।

**80 फीसदी तक कम हुआ मलेरिया का खतरा**

मलेरिया की रोकथाम और मृत्युदर कम होने को लेकर मिली सफलता की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मलेरिया 4000 वर्षों से मानवता के लिए एक बड़ी चुनौती रही है। आजादी के समय भी ये हमारे लिए सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक थी। एक महीने से लेकर पांच साल तक के बच्चों की जान लेने वाली सभी संक्रामक बीमारियों में मलेरिया का तीसरा स्थान है। आज संतोष से कहा जा सकता है कि देशवासियों ने मिलकर इस समस्या का दृढ़ता से मुकाबला किया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट कहती है भारत में 2015 से 2023 के बीच मलेरिया के मामलों और इससे होने वाली मौतों में 80 प्रतिशत तक कमी आई है। यह सफलता जन-जन की भागीदारी से मिली है। प्रधानमंत्री ने असम के चाय बागान क्षेत्रों और हरियाणा के कुरुक्षेत्र में लोगों की भागीदारी से मलेरिया रोकथाम को लेकर किए गए प्रयासों की सराहना की।



**कैंसर से जंग हुई आसान**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैंसर को लेकर किए गए प्रयासों की भी खूब तारीफ की। द लैंसेट के अध्ययन रिपोर्ट की जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में अब समय पर इस रोग का इलाज शुरू होने का संभावना पहले की तुलना में काफी बढ़ गई है, जो इस बीमारी के कारण होने वाली मृत्युदर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

प्रधानमंत्री ने कहा, कैंसर के इलाज को आसान बनाने में आयुष्मान भारत योजना की भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण रही है। इसकी मदद से कैंसर के 90 प्रतिशत मरीज समय पर इलाज प्राप्त कर रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना ने कैंसर के इलाज को लेकर होने वाले खर्च की टेंशन को काफी कम कर दिया है। इलाज को लेकर पहले की तुलना में अब लोग काफी जागरूक भी हुए हैं।

**मलेरिया और इसका खतरा**

मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है जो मच्छरों के काटने से फैलती है। भारत में हर साल जून-सितंबर के महीनों में इस रोग का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। मलेरिया तेज बुखार सहित ठंड लगने, सिरदर्द, जोड़ों-मांसपेशियों और पेट में दर्द, हार्ट रेट और सांस की दर बढ़ने जैसे लक्षण पैदा करती है। बच्चों और बुजुर्गों में इस रोग की गंभीर स्थिति में मृत्यु का खतरा अधिक देखा जाता रहा है।

मलेरिया से बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग, मच्छर भगाने वाली दवाओं-कॉइल का इस्तेमाल, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने की सलाह दी जाती है। जन-जागरूकता बढ़ाकर भारत ने इस दिशा में सफलता पाई है।

**कैंसर दुनियाभर में मृत्यु के प्रमुख जोखिमों में से एक**

कैंसर की रोकथाम और इसके इलाज की दिशा में भारत को जरूर सफलता मिली है, पर अब भी बड़ी दूरी तक करना शेष है। कई प्रकार के कैंसर के कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। पुरुषों में लंग्स, मुख और पेट का कैंसर जबकि महिलाओं में स्तन-सर्वाइकल कैंसर का खतरा सबसे ज्यादा देखा जाता रहा है।

डॉक्टर कहते हैं, भारत में कैंसर का मृत्युदर अधिक होने का एक प्रमुख कारण समय पर इस रोग का निदान और इलाज न हो पाना है। ज्यादातर लोगों में इसका पता ही तब चल पाता है जब ये रोग काफी बढ़ चुका होता है। हालांकि अब इस दिशा में जागरूकता बढ़ी है और लोग समय पर इसके इलाज के लिए जा रहे हैं जोकि अच्छा संकेत है।

---------------

**नोटः यह लेख डॉक्टर्स का सलाह और मेडिकल रिपोर्टस से एकत्रित जानकारियों के आधार पर तैयार किया गया है।**

संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

e-paper
dainandini.in

दैनिक
# दैनन्दिनी.

◆ वर्ष-08 ◆अंक- 085 ◆ बिलासपुर, सोमवार 30 दिसंबर 2024 ◆रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित ◆ CHHHIN/2017/75085 ◆ पृष्ठ-08 मूल्य-1.50 रुपए

## संक्षिप्त खबरें

### साय सरकार की कैबिनेट बैठक आज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक 30 दिसम्बर को अपरान्ह 3.30 बजे से मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित होगी।

### तीन कोचियों से 101 क्विंटल धान जब्त

**बिलासपुर।** अवैध धान संग्रहण के विरुद्ध आज फिर कार्रवाई की गई। तीन दलाल नुमा लोगों से करीब 101 क्विंटल अवैध रूप से संग्रहित धान जप्त किया गया। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। राजस्व, खाद्य एवं मंडी के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने कार्रवाई संपन्न की। खाद्य विभाग के अधिकारी अनुराग भदौरिया ने बताया कि आज कृषि उपज मंडी जयरामनगर में अजय साहू (दर्राभाटा ) व शिवशंकर राजवाड़े (धनिया) के गोदाम से राजस्व (सीपत) व मंडी की जांच दल द्वारा 53 व 100 कट्टी धान का कुल 61 क्विंटल मंडी अधिनियम से जप्ती की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार बिल्हा एसडीएम के मार्गदर्शन में तहसील बोदरी अंतर्गत ग्राम मगरउछला में कोचिया शोबुत पटेल से 100 बोरी (40 क्विंटल) का धान पाया गया। स्टॉक रजिस्टर संधारण नहीं किए जाने से उक्त के विरुद्ध मंडी अधिनियम 1972 की धारा 20 के तहत जप्त कर कलर से मार्किंग कराते हुए सिल किया गया। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार संदीप साय,नायब तहसीलदार ओमप्रकाश चंद्रवंशी, मनीषा झा , मंडी निरीक्षक रिकेश, हल्का पटवारी कोटवार उपस्थित थे।

# हाथी दांत, तेंदुआ और भालू की खाल तस्करी में पांच आरोपी गिरफ्तार

## बलरामपुर जिले में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई





**रायपुर।** वन्यजीव तस्करों के खिलाफ बलरामपुर जिले में वन विभाग के टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। वन विभाग की टीम ने हाथी दांत और तेंदुआ-भालू की खाल की तस्करी में संलिप्त पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राज्य में वन्य अपराधों की रोकथाम तथा इसमें संलिप्त लोगों की धरपकड़ एवं उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के लिए वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप के निर्देशन तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री वी. श्रीनिवास राव के मार्गदर्शन में लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है।

वन विभाग के अमले को मिली गोपनीय सूचना के आधार पर 27 और 28 दिसंबर को छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और झारखंड की सीमावर्ती वाड्रफनगर और रामानुजगंज वन परिक्षेत्रों में राज्य स्तरीय उड़नदस्ता प्रभारी श्री संदीप सिंह, वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो (मध्य क्षेत्र) भोपाल और बलरामपुर वनमंडल की टीम ने संयुक्त रूप से सफलतापूर्वक यह कार्रवाई की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वाड्रफनगर वन परिक्षेत्र में तीन आरोपी लक्ष्मण पिता देवप्रसाद, मोहन पिता प्रेमलाल और दिलदार पिता गुरुदेव को हाथी दांत की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से दो हाथी दांत, तीन मोबाइल फोन और एक स्कूटी बरामद की गई। इस मामले में वन परिक्षेत्र अधिकारी वाड्रफनगर ने जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी तरह रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में अनिल कुमार पिता भगवानदास शर्मा और रामबचन पिता शिवराम के पास से तेंदुआ की दो खाल, भालू की एक खाल, दो मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की गई।

सभी गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री वी. श्रीनिवास राव ने जनता से अपील की है कि वे वन्य अपराध एवं तस्करी या संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत विभाग को दें, ताकि अपराध करने वाले के विरूद्ध तत्परता से प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# न्यायालय परिसर में नष्ट की गई 11 हजार लीटर अवैध शराब



**गरियाबंद।** जिला-अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद के मालखाना अनुभाग में 10 वर्षों से लंबित संपत्तियों का निराकरण किया गया। जिला-गरियाबंद के अलग-अलग थानों से जप्त लगभग 11,000 बल्क लीटर जप्त अवैध शराब को न्यायालय परिसर, गरियाबंद में नष्ट किया गया। प्रभारी अधिकारी मालखाना अनुभाग जिला एवं अपर सत्र न्यायालय, गरियाबंद श्रीमती तजेश्वरी देवी देवांगन के निर्देशन में उक्त अवैध शराब का विधिवत् नष्टीकरण किया गया। उक्त नष्टीकरण प्रकिया सफलतापूर्वक संपन्न किये जाने हेतु अपर सत्र न्यायाधीश, एफटीएससी यशवंत वासनीकर, तत्कालीन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गरियाबंद श्रीमती छाया सिंह, वर्तमान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट , गरियाबंद श्रीमती अनीता ध्रुव, न्यायिक मजिस्टेट कनिष्ठ श्रेणी, गरियाबंद प्रशांत कुमार देवांगन, पुलिस अधीक्षक, गरियाबंद निखिल अशोक राखेचा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर, नायब नाजिर प्रवेश शेण्डे, सेल अमीन उमेश कुमार एवं ओमप्रकाश जायसवाल, आरक्षक गरियाबंद का विशेष योगदान रहा। इसके साथ ही उक्त कार्य पूर्ण किये जाने में न्यायालयीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण प्रेमकुमार सोनवाने, रेणुप्रसाद गिलहरे, देवलाल ठाकुर, गोकुलराम ध्रुव, बालकृष्णा सोनवानी, हीरासिंह ध्रुव एवं दामोदर सोनवानी का सराहनीय योगदान रहा।

# मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय बृजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के व्हीआईपी रोड स्थित रामस्वरूप निरंजन धर्मशाला में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय श्री बृजेंद्र श्रीवास्तव जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वर्गीय श्री बृजेंद्र श्रीवास्तव जी ने जो कार्य किये वे चिरस्थाई रहेंगे। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

इस अवसर पर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक श्री सुनील सोनी, विधायक श्री धरमलाल कौशिक, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल, स्वर्गीय श्री बृजेंद्र श्रीवास्तव के परिवारजन उपस्थित थे।

# इस बार धान बेचने की प्रक्रिया पहले से अधिक सुगम : बलराम



**दंतेवाड़ा।** पूरे छत्तीसगढ़ सहित दंतेवाड़ा जिले में भी 14 नवंबर से खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 हेतु समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत हो चुकी है। इसके तहत जिले में 15 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान की खरीदी की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में जिले में पंजीकृत किसानों की संख्या 16110 है। इसके साथ ही किसानों को माइक्रो एटीएम के जरिए 10,000 रुपये तक का नगद भुगतान दिया जा रहा है। इस क्रम में जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में खाली बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जहां प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जाकर किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिया जा रहा है। इस संबंध में दंतेवाड़ा जिले से लगे हुए पातररास ग्राम निवासी किसान बलराम नाग ने भी धान खरीदी केन्द्र बालूद में 150 क्विंटल धान बेचा है। वे बताते है कि उनका पास 40 एकड़ संयुक्त खेती है और अभी उनके पास 50 क्विंटल अतिरिक्त धान बचा हुआ है। इस वर्ष धान खरीदी शासन के नीतियों के संबंध में विचार व्यक्त करते हुए उनका कहना है कि इस बार समर्थन मूल्य पर धान बेचने की प्रक्रिया पहले से अधिक सुगम और पारदर्शी बनाई गई है। ऑनलाइन टोकन प्रणाली के कारण अब उन्हें लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ा। साथ ही धान खरीदी केंद्र पर खरीदी की सुव्यवस्था और अधिकारियों का सहयोग देखकर वे बहुत प्रसन्न है। वे आगे कहते है कि अब हम जैसे कृषकों को बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता और केन्द्र के कर्मचारी भी सहयोग कर रहे है। उनके कुछ साथी किसानों ने पहले ही दिन धान बेचा और उसका भुगतान दो दिन के भीतर हो गया। उन्होंने कहा कि यह पहल किसानों के लिए बड़ी राहत है और हमें समय पर हमारा भुगतान मिल रहा है। किसान नाग ने कहा कि इस बार समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए मंडी में लंबी कतारों से बचने के लिए पहले से स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की जा रही है और समर्थन मूल्य भी 3100 रुपये है जो हम किसानों के लिए बड़ी राहत की बात है। इससे हमारी मेहनत का सही दाम मिल रहा है। किसान नाग ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन के द्वारा किये गये व्यवस्थाओं की प्रशंसा की और उम्मीद जताई कि ऐसी सुविधाएं भविष्य में भी जारी रहेंगी। उनका यह भी कहना है कि धान बेचकर वह इस राशि से खेती बाड़ी और लंबित पारिवारिक कार्यों में उपयोग करेंगे। ज्ञात हो कि जिले में अब तक 2583 कृषकों से 71072.00 मीट्रिक टन धान खरीदी की जा चुकी है।

# बीएसपी के वित्त एवं लेखा विभाग में हिंदी कार्यशाला आयोजित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के वित्त एवं लेखा विभाग के सभागार में कार्यपालक निदेशक वित्त एवं लेखा डॉ. अशोक कुमार पंडा के मुख्य आतिथ्य में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक वित्त एवं लेखा डॉ. अशोक कुमार पंडा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सबको हिंदी में समस्त कार्यालयीन कार्य करना ही है, इसके लिए पत्राचार एवं नोटिंग आदि में हिंदी के छोटे-छोटे वाक्यों का प्रयोग करके शुरुआत अवश्य करें।

यदि हिंदी लेखन में कठिनाई आती है, तो वॉइस टाइपिंग की सहायता लें। हिंदी में सभी कार्यालयीन कार्य करने के लिए वित्त एवं लेखा विभाग पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

हिंदी में काम हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है, हमें इसे पूरा करना ही है। इस अवसर पर उप प्रबंधक संपर्क व प्रशासन, राजभाषा, जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी तथा ऑनलाइन गूगल वॉइस टाइपिंग एवं ऑनलाइन नोटशीट प्रणाली 'सैप' में हिंदी में नोटशीट बनाने का प्रदर्शन किया।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों को हिंदी में कार्य करने की शपथ दिलाई।

# पौष कृष्ण चतुर्दशी पर बड़ा मंदिर में पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक व शांति धारा



**रायपुर।** आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर (लघु तीर्थ) मालवीय रोड में पौष कृष्ण चतुर्दशी तिथि पर श्रावक गणों ने पार्श्वनाथ भगवान की बेदी के समक्ष प्रतिदिन चल रही आध्यात्मिक प्रयोगशाला शिविर में पार्श्वनाथ भगवान का रजत कलशों से विशेष अभिषेक,शांति धारा,एवं पूजन किया। मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन ने बताया कि आज सुबह 8.30 बजे श्रावक गणों ने जिनालय पहुंच कर शुद्ध धोती दुपट्टे धारण किए। मंगलाष्टक पाठ पढ़ कर प्रासुक जल को जल शुद्धि मंत्र पढ़ कर अभिषेक का जल शुद्ध किया। सभी ने अभिषेक पाठ पढ़ कर 23 वे तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा को नाचते गाते जयकारों के साथ लाकर, पांडुशिला में श्रीकार लेखनं कर विराजमान किया। उपस्थित सभी श्रावकों ने श्रीजी का रजत कलशों से समता भाव पूर्वक अभिषेक किया एवं रिद्धि सिद्धि सुख शांति प्रदाता शांति धारा भी की गई। आज की शांति धारा करने का सौभाग्य राज जैन एवं नमन जैन को प्राप्त हुआ। आज की शांति धारा का मंत्रोच्चार से शुद्ध वाचन कोषाध्यक्ष दिलीप जैन गुढियारी द्वारा किया गया। शांति धारा उपरांत सभी ने भगवान की संगीतमय भक्ति भाव से आरती कर अपना जीवन धन्य किया। आज के कार्यक्रम में विशेष रूप से श्रेयश जैन बालू,प्रवीण जैन मामा जी, ट्रस्टी संजय जैन सतना, कोषाध्यक्ष दिलीप जैन,उपाध्यक्ष लोकेश जैन,मनीष जैन,आदेश जैन,संदीप जैन,निकेश जैन,समित जैन,कृष जैन एवं मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन उपस्थित थे। मुनि सुधासागर महाराज जो कि मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में वर्तमान में विराजमान है वह से उन्होंने समूचे देश के जैन समाज के लिए अपना संदेश प्रसारित किया है।

# चाइनीज मंजा खरीदा-बेचा तो लगेगा एक लाख का जुर्माना और पांच साल की जेल



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शनिवार को चाइनीज मांजा बेचने वालों पर कार्रवाई की गई। सरकार द्वारा प्रतिबंद लगाए जाने के बाद भी भिलाई में धडल्ले से चाइनीज मांजा बेचा जा रहा था। एक दिन सुपेला में एक युवक इसकी चपेट में आने से घायल हो गया।

इसके बाद भिलाई निगम ने सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई की औ चाइनीज मांजा बेचने वालों से जुर्माना वसूल किया गया। ज्ञातव्य हो कि छत्तीसगढ़ सरकार ने पक्षियों, इंसानो और पर्यावरण की सुरक्षा को देखते हुए चाइनीज मांझे की खरीद और बिक्री पर रोक लगा दी है। इस आदेश के उल्लंघन पर 5 साल की जेल, एक लाख जुर्माना या फिर दोनों सजा हो सकती है।

छत्तीसगढ़ के आवास एवं पर्यावरण विभाग ने चीनी धागों की खरीद और बिक्री के मद्देनजर अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित कर इसे दंडनीय अपराध करार दिया है। इसके मद्देनजर राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धाराओं का उपयोग करते हुए इसकी खरीद, बिक्री, उत्पादन, भण्डारण, आपूर्ति और उपयोग पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। जिला कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी जोन के स्वास्थ्य अधिकारियों को नायलॉन चाइनीज मांझा बेचने वालों पर कार्रवाई के लिए आदेशित किया। इसी कड़ी में शनिवार को निगम भिलाई क्षेत्र में पतंग विक्रेताओं के यहां दबिश दी गई। कुछ व्यापारी नायलॉन चाइनीज मोझा बेचते हुए पाए गए।

जिसमें जोन क्रमांक 1 के वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 12, 17, के फरीद पतंग फैक्ट्री, सुलझमी जनरल स्टोर, जोन क्रमांक 3, पावर हाउस पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में मोहम्मद हसन, ताज पतंग सेंटर, चैलेंज पतंग दुकान, जोन क्रमांक 2 राम रामनगर में सुरेश किराना स्टोर में नायलॉन एवं चीनी मांझा, इंडस्ट्रियल धागा पाया गया। इन दुकानों पर कार्रवाई करते हुए 9800 अर्थ दंड वसूला गया।

बेचने वाली प्रतिबंध सामग्री की जब्त की गई। संबंधित दुकानदार को चेतावनी दी गई दोबारा अगर नायलॉन चाइनीज मांझा बेचते हुए पाए गए, तो गुमास्ता लाइसेंस कैंसल कर दुकान सील कर दी जाएगी। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने नागरिकों से अपील की है कि चाइनीज मांझा, इंडस्ट्रियल धागा का उपयोग पतंग उड़ाने में ना करें। इससे बड़ी दुर्घटना हो जाती है । पता नहीं चलता, चलते चलते कब गले में फंस जाता है। इंसान गंभीर रूप में घायल हो जाता है। यह किसी के साथ भी हो सकता है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में वृहद रूप से कार्रवाई की जा रही है।

## पोल खुल जाए, यह बहाना भी अच्छा है...

### संपादकीय

हर सरकार में तरह तरह के भ्रष्टाचार होते हैं। उसकी कभी न कभी पोल तो खुलती है। पोल खुलने पर होती है तरह तरह की बहानेबाजी ।जांच होती है तो पता चलता है कि हजारों करोड़ का घोटाला हुआ है। जांच होती है तो लोग देर सबेर गिरफ्तार भी किए जाते हैं ।जांच एजेंसी को सबूत मिलते हैं तो एक के बाद घोटाले से जुड़े हुए लोगों की गिरफ्तारी भी होती है। कई लोग गिरफ्तार कर जेल भेजे जाते हैं ।छत्तीसगढ़ में हुए शराब घोटाले में भूपेश सरकार में आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा और उनके करीबियों के यहां ईडी ने छापा मारा है। देरसबेर तो यह होना था क्योंकि जिस आबकारी विभाग में दो हजार करोड़ रुपए का शराब घोटाला हुआ है, उसके मंत्री तो कवासी लखमा थे। यानी विभाग के सबसे बड़े.पद पर वह थे और इसी आधार पर विभाग में जो कुछ हुआ उसके लिए उनको जिम्मेदार भी बताया जा सकता है। कोई इस बात को कैसे मान सकता है कि विभाग में हजारों करोड़ की गड़बड़ी हो रही हो और मंत्री को पता न हो ।ईडी के मुताबिक छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला सिंडीकेट बनाकर किया गया है। यानी अधिकारियों व नेताओं ने मिलकर यह शराब घोटाला किया है। ईडी डेढ़ साल से इस मामले की जांच कर रही है ।उसकी ईसीआईआर यानी रिपोर्ट में कई खुलासे हुए हैं। इसमें बतौर आबकारी मंत्री कवासी लखमा की भूमिका पर ईडी का कहना है कि कवासी लखमा को शराब घोटाले के चलते हर महीने ५० लाख रुपए कमीशन मिलता था ।जो कि इस घोटाले का वित्तीय हिस्सा था। ईडी ने इस मामले में कुल ७० लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। इसमें आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा भी शामिल हैं ।कवासी लखमा अशिक्षित हैं,बताया जाता है कि वह हस्ताक्षर भी नहीं कर सकते। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि राजस्व से जुड़ा इतना अहम विभाग उनको क्यों दिया गया ।क्या कवासी लखमा को इसलिए यह विभाग दिया गया था कि अधिकारियों व नेताओं का सिंडीकेट बनाकर हजारों करोड़ का शराब घोटाला किया जाए। इस आधार पर तो यह भी लोग कह सकते हैं कि शराब घोटाले की योजना पहले बनाई गई उसके बाद आबकारी विभाग ऐसे विधायक को दिया गया जो अशिक्षित हो, हस्ताक्षर तक न कर सकता हो, ऐसे सर्वथा उपयुक्त विधायक कवासी लखमा थे। अब भूपेश बघेल सरकार के समय हुए शराब घोटाले की पोल खुलती जा रही है। ईडी कवासी लखमा व सहयोगियों का छापा मार रही है तो कवासी लखमा कह सकते हैं कि वह तो अनपढ़ है,उनके अनपढ़ होने का फायदा अधिकारियों ने उठाकर शराब घोटाला किया है। शराब घोटाले के बारें में उनको कुछ पता नहीं है। सब जानते हैं कि किसी विभाग में कोई घोटाला होता है कि उसके मंत्री को इसके लिए दोषी माना जाता है, छत्तीसगढ़ में ऐसा न हो इसलिए मंत्री को बचाने का उपाय पहले ही सोच लिया गया था, मंत्री अगर अनपढ़ हो तो वह यह कहकर बच सकता है कि मैं तो अनपढ़ हूं, अधिकारियों ने किया जो कुछ किया है। यानी घोटाला करने के पहले ही मंत्री को बचाने का उपाय भी सोच लिया गया था ।कवासी लखमा भले ही कहें कि उनको कोई पैसा नहीं दिया गया लेकिन ईडी कह रही है कि उनको हर महीने सिंडीकेट पचास लाख दे रहा था तो इसमें कुछ तो सच्चाई हो सकती है। ईडी के मुताबिक शराब घोटाला दो हजार करोड़ रुपए किया गया है तो पचास लाख महीना के हिसाब से सिंडीकेट ने कवासी लखमा को साल का छह करोड़, पांच साल का तीस करोड़ रुपए तो मिला होगा ।ऐसे में लोग तो कहेंगे ही दो हजार करोड़ के शराब घोटाले को देखते हुए यह तो बहुत ही कम मिला है कवासी लखमा को ।वह भी आबकारी मंत्री होते हुए। सब कुछ उनके विभाग में किया गया, नाम उनका बदनाम हुआ, विभाग का बदनाम हुआ और मिला क्या ऊंट के मुंह में जीरा के समान मात्र तीस करोड़। अब राज्य के लोगों को इसमें कोई संदेह नहीं रह गया है कि आबकारी घोटाला सुनियोजित तरीके से सिंडीकेट बनाकर किया गया है। इसमें शामिल सभी लोगों को कुछ न कुछ तो मिला ही है ।सबने विभाग की बहती गंगा में जमकर हाथ धोए हैं। जांच होने पर सबके नाम सामने आ गए है। राज्य के लोगों को पता चल गया है कि शराब घोटाले में कौन कौन शामिल थे। साय सरकार की तरह भूपेश सरकार भी चाहती तो आबकारी विभाग में घोटाला नहीं होता। यदि सीएम साय की तरह भूपेश बघेल भी आबकारी विभाग अपने पास रखते यह सोचकर कि इसमें घोटाला होने की सबसे ज्यादा गुंजाइश होती है। सीएम साय ने ऐसा किया है, आबकारी विभाग में घोटाला न हो इसलिए यह विभाग उन्होंने अपने पास रखा है। भूपेश बघेल चाहते तो वह भी ऐसा कर सकते थे।

# इंडिया गठबंधन से कांग्रेस को निकालना संभव नहीं लेकिन हार के डर ने केजरीवाल को कर दिया है परेशान

**संतोष पाठक**

ऐसे में सवाल यह खड़ा हो रहा है कि देश की वास्तविक राजनीतिक परिस्थिति को समझने के बावजूद आम आदमी पार्टी इस तरह की बेतुकी मांग क्यों कर रही है ? इसके पीछे सबसे बड़ी वजह, दिल्ली में होने वाला विधानसभा चुनाव है।

दिल्ली में लगातार विधानसभा का चुनाव जीत रही आम आदमी पार्टी ने अब विपक्षी इंडिया गठबंधन से कांग्रेस को ही बाहर निकालने की मांग कर दी है। हालांकि केजरीवाल की पार्टी की इस बेतुकी मांग पर अभी इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य विपक्षी दलों की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है लेकिन वास्तविकता तो सभी नेता जानते हैं। यहां तक कि विपक्षी गठबंधन से कांग्रेस को बाहर निकालने की मांग करने वाली आम आदमी पार्टी के नेता भी इस बात को बखूबी जानते हैं कि कांग्रेस को विपक्षी गठबंधन से बाहर भगाना संभव नहीं है। विडंबना देखिए कि, जिस विपक्षी इंडिया गठबंधन का गठन ही केंद्र से नरेंद्र मोदी सरकार को हटाने के लिए किया गया है। उस गठबंधन में लोकसभा में 3 सीट की हैसियत रखने वाली आम आदमी पार्टी 99 लोकसभा सांसदों वाली कांग्रेस पार्टी को गठबंधन से बाहर निकालने की बेतुकी मांग कर रही है। ऐसे में सवाल यह खड़ा हो रहा है कि देश की वास्तविक राजनीतिक परिस्थिति को समझने के बावजूद आम आदमी पार्टी इस तरह की बेतुकी मांग क्यों कर रही है ? इसके पीछे सबसे बड़ी वजह, दिल्ली में होने वाला विधानसभा चुनाव है। कहने को तो आप की सरकार दिल्ली और पंजाब यानी देश के दो राज्यों में है। ताकत और कामकाज के मामले में केंद्र सरकार के हस्तक्षेप से मुक्त होने के कारण पंजाब में सरकार होने का अपना फायदा है लेकिन दिल्ली में उपराज्यपाल के ज्यादा मजबूत होने के बावजूद, यह राज्य केजरीवाल के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। दिल्ली की हार केजरीवाल की पार्टी के अस्तित्व पर ही सवालिया निशान लगा देगी। अगर आप दिल्ली की सत्ता से बाहर हुई तो पार्टी में एक बड़ी टूट होने का भी खतरा पैदा हो सकता है और इसी डर ने आप के नेताओं को बुरी तरह से डरा दिया है ।ऐसे में सवाल यह खड़ा हो रहा है कि दिल्ली में लगातार तीन विधानसभा चुनावों में जीत हासिल कर, सरकार बनाने वाली आप को हार का डर क्यों सताने लगा है ? वर्ष 2020 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में 70 में से 62 सीटें और वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव में 70 में से 67 सीटें जीतने वाली आप को इस बार हार का डर क्यों सताने लगा है ? दरअसल, वर्ष 2013 में दिल्ली में अपना पहला विधानसभा चुनाव लड़ने वाली आम आदमी पार्टी ने एक रणनीति के तहत पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह झाड़ू का चयन किया था। उस समय यूपीए सरकार के अंदर से लगातार आ रहे घोटालों और भ्रष्टाचार को बड़ा मुद्दा बनाते हुए केजरीवाल ने कांग्रेस के वोट बैंक



में भी सेंध लगा दिया था। अपने पहले ही चुनाव में आप ने दिल्ली की 70 में से 28 सीटों पर जीत हासिल करके सबको चौंका दिया था। 2013 के उस चुनाव में अंदरखाने आप की मदद कर, शीला दीक्षित को हराने में बड़ी भूमिका निभाने वाले कुछ कांग्रेसी नेताओं ने दिल्ली कांग्रेस नेताओं के मना करने के बावजूद आप को समर्थन देकर , केजरीवाल को मुख्यमंत्री बना दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि कांग्रेस लगातार कमजोर होती चली गई। कांग्रेस के वोट बैंक पर पूरी तरह से आम आदमी पार्टी ने कब्जा कर लिया। शीला दीक्षित ने अपने 15 वर्षों के कार्यकाल में दिल्ली में कांग्रेस के पक्ष में एक मजबूत वोट बैंक तैयार कर दिया था। उन्होंने दिल्ली में रहने वाले बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों को मजबूती से कांग्रेस के साथ जोड़ दिया था। झुग्गी-झोपडी में रहने वाले लोगों के साथ-साथ मुसलमान भी मजबूती से कांग्रेस के साथ जुड़ गए थे। लेकिन धीरे-धीरे इन सभी मतदाताओं को आप ने अपने पाले में कर लिया। केजरीवाल ने मुफ्त बिजली और पानी देकर दिल्ली के झुग्गीवासियों और मिडिल क्लास को साध लिया। फ्री डीटीसी सफर की सुविधा देकर महिला मतदाताओं को लुभा लिया। इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली में रहने वाले बिहार और यूपी के लोगों को भी तवज्जों देकर एक मजबूत वोट बैंक तैयार कर लिया। भाजपा को हराने के नाम पर मुस्लिम मतदाता भी केजरीवाल के साथ जुड़ गए। कांग्रेस उलझन और ऊहापोह की स्थिति के कारण अपने इसी वोट बैंक को पूरी तरह से आम आदमी पार्टी से छीन नहीं पा रही थी क्योंकि कांग्रेस के नेताओं को समझ ही नहीं आ रहा था कि वे आप को दोस्त माने या दुश्मन। दिल्ली में लड़ रहे कांग्रेसी नेताओं का भी अपने ऊपर से भरोसा ही उठ गया था कि वे केजरीवाल से लड़ भी सकते हैं और यही बात आम आदमी पार्टी के लिए सबसे बड़ा वरदान था। लेकिन इस बार जिस अंदाज में अजय माकन ने सीधे-सीधे अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला,युवा कांग्रेस ने संसद मार्ग थाने जाकर उनके खिलाफ शिकायत दी और कांग्रेस ने नई दिल्ली विधानसभा सीट पर अरविंद केजरीवाल के खिलाफ संदीप दीक्षित को चुनावी मैदान में उतार दिया, उससे आप के मुखिया बुरी तरह से डर गए हैं। आप को यह लगने लगा है कि अगर कांग्रेस दिल्ली में पूरी ताकत से विधानसभा का चुनाव लड़ती है तो आप के लिए चुनाव जीतना मुश्किल ही नहीं नामुकिन हो जाएगा। यह भी कहा जा रहा है कि नई दिल्ली के मतदाताओं को यह लगने लगा है कि उन्होंने शीला दीक्षित को 2013 में विधानसभा चुनाव में हराकर गलती की थी और अब वह उनके बेटे संदीप दीक्षित को जीताकर अपनी 2013 की गलती का प्रायश्चित 2025 में करना चाहती है। अरविंद केजरीवाल अगर खुद की विधानसभा सीट हार जाते हैं तो उनके लिए इससे ज्यादा शर्मनाक कुछ और नहीं हो सकता है। इसलिए उन्होंने राहुल गांधी, अजय माकन, कांग्रेस नेताओं और कांग्रेस उम्मीदवारों के दिलों-दिमाग पर मनोवैज्ञानिक दबाव डालने के लिए यह बेतुकी मांग करनी शुरू कर दी है। यहीं पर राहुल गांधी की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। यह देखना होगा कि दिल्ली में कांग्रेस को मजबूत बनाने के मिशन में जुटे नेताओं का राहुल गांधी खुल कर और पूरी मजबूती के साथ, साथ दे पाते हैं या नहीं ?

केंद्रीय बजट 1 फरवरी 2025

# टैक्स सुधार कौशलता विकास, कृषि उत्पादकता रोजगार सृजन व युवा गुणवत्ता सुधार सेक्टरों पर फोकस की संभावना

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र में पूर्व पीएम का शनिवार दिनांक 28 दिसंबर 2024 को अंतिम संस्कार हुआ व देश 7 दिनों के राष्ट्रीय शोक में है इस बीच वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के विकसित देशों की गंभीरता से पैनी नजर भारत के विजन 2047 पर लगी हुई है, क्योंकि यह विजन भारत की विकसित भारत की गाथा में मील का पत्थर साबित होगा, जिसकी नीव प्रतिवर्ष बनने वाले बजट ही हैं, क्योंकि बजट में ही तय होता है कि देश की आर्थिक गाड़ी की पटरी कैसी होगी पैसेंजर, मेल, एक्सप्रेस, सुपरफास्ट या फिर वंदे भारत। बजट को लेकर 24 दिसंबर 2024 को माननीय पीएम की अर्थशास्त्रियों के साथ एक विशेष बैठक कर उनके विचार भी जान लिए हैं, इसलिए भारत सहित पूरी दुनियाँ की 1 फरवरी 2025 को घोषित होने वाले बजट 2025-26 पर लगी हुई है, जिसमें करीब करीब 11छेत्रो में चर्चा व सुझाव के लिए माननीय वित्तमंत्री लगातार बैठके कर रही है जो अंतिम चरण में है, उसके बाद आम जनता से सुझाव के लिए भी नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा, फिर बजट को लिखने की प्रक्रिया शुरू होगी। जनवरी 2025 के अंतिम सप्ताह में तो बजट बनाने वाले मुख्यस्टाफ का नाता दुनियाँ से कट जाता है यहां तक कि मोबाइल भी उन्हें अल्लोव नहीं रहती, इतनी सिक्योरिटी के साथ बजट कार्य हर साल होता है, इस वर्ष भी इसकी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है,स्वाभाविक रूप से कार्य संभावनाओं का बाजार भी गर्म हो चुका है इसपरगंभीरता से मैंनें विश्लेषण किया हूं और कुछ संभावना का पैनल बनाया हूं (1) आयकर अधिनियम की धारा 80 सी जिसकी अभीछूट 1.50 लाख है उसे अब 2.0 लाख करने की संभावना (2) हेल्थ बीमा 80 डी में अभी हेल्थ इंश्योरेंस 25 हजार की छूट होती है व सीनियर सिटीजन को 50 हजार की छूट होती है जिसे बढ़ाकर अभी दुगना किया जा सकता है। (3) होम लोन पर अभी 2024 में ब्याज की टैक्स छूट है 2 लाखहै जिसे 3 लाख किए जाने की संभावना है। (4) सीनियर सिटीजन की आयकर टैक्स छूट सीमा धारा 80 टीटीबी धारा 80 डीडीबी 80 डी सहित पेंशन कटौती व आयकर स्लैब में वृद्धि मिलसकती है, चूँकि वैश्विक अनिश्चित के बीच विजन 2047 के लिए विकास की गति को बनाए रखना बजट 2025-26 में एक चुनौती पुणे कार्य है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, केंद्रीय बजट 1 फरवरी 2025 में टैक्स सुधार कौशलताविकास कृषि उत्पादकता,रोजगार सृजन व युवा गुणवत्ता सुधार सेक्टरों पर फोकस संभावना। साथियों बात अगर हम बजट 2025 में टैक्स सुधारो की करें तो, मीडिल क्लास टैक्सपेयर्स को सरकार से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है, ऐसी खबरें हैं कि सरकार इस बजट में 10.5 लाख रुपये तक के सालाना वेतन पर टैक्स की देनदारी कम कर सकती है।1 फरवरी 2025को पेश होने वाले आगामी बजट में इसकी घोषणा की जा सकती है इस प्रस्ताव का उद्देश्य धीमी होती अर्थव्यवस्था और बढ़ती महंगाई के बीच खपत को बढ़ावा देना है वर्तमान में 3 लाख रुपये से 10.5 लाख रुपये तक की आय पर 5 फीसदी से 20 फीसदी टैक्स लगता है, जबकि 10.5 लाख




रुपये से अधिक की आय पर 30 फीसदी की दर से टैक्स लगता है।2 व्यवस्थाओं में से चुनने का विकल्प पुरानी व्यवस्था- जिसमें घर का किराया और बीमा जैसी छूट शामिल हैं.नई व्यवस्था (2020)- जिसमें कम कर दरें हैं लेकिन अधिकांश छूट हटा दी गई हैं,प्रस्तावित कटौती के माध्यम से सरकार अधिक लोगों को 2020 की स्ट्रक्चर अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहती है। रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने अभी तक किसी भी कटौती के साइज पर निर्णय नहीं लिया है,यह निर्णय 1 फरवरी के करीब लिया जाएगा। भारत को अधिकांश इनकम टैक?स कम से कम 10 लाख रुपये कमाने वाले लोगों से प्राप्त होता है, जिस पर ओल?ड टैक?स रिजीम के तहत 20 प्रतिशत टैक?स लगता है, रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार मिडिल क?लास के राजनीतिक दबाव में है, जो हाई टैक?स के बोझ तले दबा हुआ है। यह असंतोष वेतन वृद्धि के कारण और भी बढ़ गया है, जो महंगाई के साथ तालमेल नहीं रख पा रही है, जिससे घरेलू बजट पर और भी दबाव पड़ रहा है,रिपोर्ट्स के अनुसार, सरकार 15 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले व्यक्तियों के लिए आयकर दरों को कम करने पर विचार कर रही है. यह कदम मध्यम वर्ग को सीधे लाभ पहुंचा सकता है, जो बढ़ती जीवनयापन की लागत से जूझ रहा है. कर कटौती से करदाताओं के हाथों में अधिक पैसा आएगा, जो खपत और बचत को बढ़ावा देगा सरकार केंद्रीय बजट में मिडल क्लास को बड़ी राहत दे सकती है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, यह राहत इनकम टैक्स में बदलाव के रूप में हो सकती है। बजट 1 फरवरी को पेश होगा। इसके लिए जरूरी तैयारियां शुरू हो गई हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी अलग-अलग क्षेत्र के प्रतिनिधियों और एक्सपर्ट से मुलाकात कर चुकी हैं ।बजट 2025 की तैयारियों के बीच, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर मिडिल क्लास के लिए आयकर दरों को कम करने का दबाव बढ़ रहा है. बढ़ती मुद्रास्फीति और कमजोर खपत के कारण मध्यम वर्ग पर आर्थिक दबाव काफी बढ़ गया है. ऐसे में, कर राहत मध्यम वर्ग के लिए एक बड़ी राहत बन सकती है और अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में सहायक हो सकती है। साथियों बातअगर हम बजट 2025 में आर्थिक राजनीतिक संदर्भ की करें तो,रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई- सितंबर 2024 में भारत की जीडीपी वृद्धि सात तिमाहियों में सबसे कमजोर रही, साथ ही खाद्य महंगाई ने शहरी परिवारों की आय पर दबाव बढ़ा दिया है, जिससे वाहनों, घरेलू सामान और व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों की मांग प्रभावित हुई है. विशेषज्ञों का मानना ??है कि अगर यह प्रस्ताव लागू होता है, तो उपभोक्ताओं के पास ज्यादा खर्च करने लायक आय होगी, जिससे भारत की आर्थिक गतिविधियों में तेजी आ सकती है.सरकार का रुखसूत्रों के अनुसार टैक्स कटौती के आकार और अन्य विवरणों को अंतिम रूप देने का फैसला बजट की तारीख के करीब लिया जाएगा. हालांकि वित्त मंत्रालय ने अभी तक इस प्रस्ताव या राजस्व पर इसके प्रभाव के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है. माना जा रहा है कि सरकार को होने वाले राजस्व के नुकसान की भरपाई नए शासन में ज्यादा लोगों के शामिल होने से हो जाएगी उम्मीदें अगर यह प्रस्ताव लागू होता है, तो लाखों टैक्सपेयर को राहत मिलेगी, इस कदम से न सिर्फ आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि सरकार का टैक्स स्ट्रक्चर अपनाने का उद्देश्य भी पूरा होगा।भारत में मुद्रास्फीति ने लोगों की क्रय शक्ति को प्रभावित किया है, दैनिक उपयोग की वस्तुओं और सेवाओं की बढ़ती कीमतों ने मध्यम वर्ग के घरेलू बजट पर दबाव डाला है, परिणामस्वरूप, कारों, उपकरणों और व्यक्तिगत उपयोग की वस्तुओं जैसे उत्पादों की खपत में गिरावट आई है. भारतीय रिजर्व बैंक ने भी चेतावनी दी है कि मुद्रास्फीति पर काबू पाना आर्थिक स्थिरता और विकास के लिए आवश्यक है।

साथियों बात अगर हम हितधारकों द्वारा बजट 2025 से उम्मीद की करें तो बजट-पूर्व परामर्श में विभिन्न हितधारकों ने आयकर सुधार, रोजगार सृजन, और निर्यात बढ़ाने पर जोर दिया है। उद्योग निकायों ने पूंजीगत लाभ कर प्रणाली को सरल बनाने, विवाद समाधान तंत्र लागू करने, और जीएसटी में सुधार की सिफारिश की है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत में अर्थशास्त्रियों ने शिक्षा और कौशल विकास पर भी ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया है,सरकार की चुनौतीहालांकि कर कटौती से खपत को प्रोत्साहन मिलेगा, यह सरकारी राजस्व को प्रभावित कर सकता है, ऐसे में, वित्त मंत्री को राजकोषीय विवेक और आर्थिक पुनरुद्धार के बीच संतुलन बनाना होगा. मध्यम वर्ग को राहत देने के उद्देश्य से आयकर दरों में संभावित कटौती भारत की अर्थव्यवस्था को गति देने में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता हैबजट 2025 से सभी को उम्मीद है कि यह आर्थिक चुनौतियों को संबोधित करेगा और ह्यआम आदमी की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि केंद्रीय बजट 1 फरवरी 2025 - टैक्स सुधार,कौशलता विकास,कृषि उत्पादकता रोजगार सृजन व युवा गुणवत्ता सुधार सेक्टरों पर फोकस संभावना।वैश्विक अनिश्चितता के बीच विजन 2047 के लिए विकास की गति को बनाए रखना बजट 2025-26 में चुनौतीपूर्ण है ।बजट 2025 में कौशलता, एंप्लॉयमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट टैक्स सुधार के माध्यम से लोगों के हाथ में पैसा आए जैसे सुधारो पर फोकस की संभावना है।




मेष- आज का दिन आपके लिए बहुत ही सूझबूझ दिखा कर काम करने के लिए रहेगा। आपको प्रमोशन जैसी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कुछ समस्याओं को महसूस करेंगे। आपकी संतान आपसे किसी नई चीज की फरमाइश कर सकते है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी से किसी बात को लेकर बहस बाजी ना करें, जिसका असर आपके रिश्ते पर पड़ेगा। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो वह भी आपको मिल सकती है।

वृष- आज का दिन आपके लिए रुके हुए कामों की पूर्ति करने के लिए रहेगा। किसी भूमि वाहन आदि की खरीदारी करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपके घर किसी नये मेहमान का आगमन हो सकता है। नौकरी में आप यदि बदलाव करने की सोच रहे थे, तो आप कर सकते हैं। आपके खिलाफ विरोधी षड्यंत्र रचने की कोशिश करेंगे। आप अपनी चतुर बुद्धि का प्रयोग करके आपको अपने पारिवारिक मामलों पर पूरा ध्यान देना होगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए समस्याओं भरा रहने वाला है। आप किसी से अपनी पर्सनल बातें शेयर ना करें, नहीं तो बाद में वह आपका मजाक बना सकता है। बिजनेस को लेकर आप किसी के साथ पार्टनरशिप करने की सोचेंगे, जिससे अपने बिजनेस में अधिक धन लगा सकेंगे। आप अपने किसी बचपन के मित्र से मिलकर खुश होंगे। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ेगा। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आप जीवन साथी के साथ कहीं पिकनिक आदि पर जा सकते हैं। माता जी की सेहत में कुछ गिरावट आने से भागदौड़ अधिक रहेगी। बिजनेस में आपको मन मुताबिक लाभ न मिलने से थोड़ा परेशान रहेंगे। अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति आप आसानी से कर सकेंगे। कोई सरकारी काम यदि लटका हुआ था, तो वह पूरा हो सकता है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए किसी वाद विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। आप मानसिक तौर पर थोड़ा परेशान रहेंगे। आपकी संतान मनमाने व्यवहार के कारण आपको समस्या होगी। आपको व्यर्थ चिंताएं रहेगी, क्योंकि जीवन साथी भी आपसे किसी चीज की फरमाइश करेंगे, जिसे आपको पूरा करने में विलंब होगा। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई लिखाई में एकाग्र होकर जुटना होगा, तभी वह कोई अच्छा मुकाम हासिल कर सकेंगे।

कन्या- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको कोई बड़ी धन संबंधित मदद भी मिलती दिख रही है। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले। कोई नया काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आप किसी से मांग कर वाहन ना चलाएं, नहीं तो किसी दुर्घटना के होने की संभावना है। आपके बॉस आपसे किसी बात को लेकर नाराज रहेंगे। आपको अपनी फैमिली को लेकर योजना बनाकर चलना बेहतर रहेगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए नौकरी में बदलाव के लिए अच्छा रहेगा। आपको कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा आपके जीवन में भी खुशियां भरपूर रहेंगी। किसी से कोई खटपट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपकी तरक्की के राह पर आप आगे बढ़ेंगे। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। कोई काम पूरा होने में समस्या आएगी, जो आपको थोड़ी टेंशन देगा। आपके भाई व बहन आपसे किसी जरूरी काम को लेकर सलाह मश्वरा कर सकते हैं।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर सोच विचार अवश्य करें। आप किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहे। बिजनेस में आप कोई बदलाव करने की सोचेंगे। आपको राजनीति में कदम बढ़ाने की आपके मित्र सलाह दे सकते हैं। संतान को किसी पिकनिक आदि पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण थोड़ा परेशान रहेंगे। किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए आज दिन अशांतिपूर्ण रहने वाला है। पारिवारिक तौर पर आपको कुछ समस्याएं हो सकती है, जिन्हें आप नजर अंदाज न करें, नहीं तो वह बढ़ सकती हैं। आप अपनी वाणी पर संयम रखें, नहीं तो आप किसी को कोई गलत बात बोल सकते हैं। आपको किसी नए काम को करने के लिए कोई डिसीजन लेने से बचना होगा। आपकी जल्दबाजी की आदत के कारण आपको समस्याएं आएगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए पार्टनरशिप में किसी काम को करने के लिए रहेगा। जीवनसाथी से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको अपने माताजी की बातों पर ध्यान देना होगा। परिवार में कुछ आपसी मतभेद हो सकते हैं। आपने यदि किसी अजनबी पर भरोसा किया, तो वह आपका कोई भारी नुकसान करवा सकता है। आपको अपने किसी काम को लेकर यात्रा पर जाना पड़ सकता है। किसी पैतृक संपत्ति की प्राप्ति हो सकती हैं।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए करियर के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। आपको भाग दौड़कर तो थोड़ी अधिक रहेगी। आपके ऊपर जिम्मेदारी अधिक रहेगी, लेकिन अपने काम आसानी से पूरा कर सकेंगे। आपका रुका हुआ धन मिलने की संभावना है और सामाजिक क्षेत्रो में कार्यरत लोगों को किसी विशेष पद की प्राप्ति हो सकती है। इससे आपके जन समर्थन में भी इजाफा होगा। आप किसी से धन उधार लेने से बचें।

मीन- आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में कमजोर रहने वाला है। प्रशासनिक मामलों में भी आपको पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी वाद विवाद में ना पड़े, नहीं तो वह कानूनी हो सकता है। आपका कोई बिजनेस में नुकसान होने की संभावना है, इसलिए आप ज्यादा जिम्मेदारी किसी दूसरे पर ना डालें। आप अपनी बुद्धि से काम लें।

# विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा बेहतर कार्य : अनुप्रिया पटेल

**बीजापुर।** एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे भारत सरकार के केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने जिले में संचालित विकास कार्य तथा भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं के जमीनी स्तर पर हो रहे क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक ली। भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जिला के रूप में चयनित बीजापुर जिले एवं आकांक्षी ब्लॉक उसूर के अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा और आय के क्षेत्र में सुधार, बुनियादि ढांचे का विकास, कृषि, उद्योग, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की रक्षा एवं जिले के विकास के लिए बने समग्र योजना हेतु प्राप्त संसाधनों के तहत वित्तीय सहायता, तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण एवं निगरानी और मूल्यांकन जैसे विषयों पर समीक्षा करते हुए बीजापुर जिले के विकास संबंधी मूलभूत पहलुओं पर गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने भारत सरकार के योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिए। गर्भवती माताओ के प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव में बढ़ोतरी करने, एनिमिया, सिकलीन, स्क्रीनिंग, टीबी के चिन्हाकिंत मरीजों को पौष्टिक आहार प्रदाय करने, निक्षय वाहन की पहुंच मरीजो तक हो, शालात्यागी बच्चों को पुनः प्रवेश, उल्लास कार्यक्रम के क्रियान्वयन, कृषि आधारित फसलो के उत्पादन को बढ़ावा देने, कृषि उत्पादक संगठनो को सक्रिय करने, पशुपालकों के पशुओ का टीकाकरण, प्रधानमंत्री कौशल विकास केन्द्रों का समुचित संचालन सहित भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना, वयो श्री योजना की जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन कर बुजुर्गों को 6-7 प्रकार के मिलने वाली डिवाइस प्रदाय कर बुजुर्गो के जीवन स्तर को और भी सुगम बनाने के निर्देश दिए।

वहीं जिले में विभागीय अमलो द्वारा की जा रही बेहतर क्रियान्वयन से डेल्टा रैंकिंग में हो रहे सुधार की प्रशंसा करते हुए कहा कि बीजापुर जैसे धुर माओवाद प्रभावित क्षेत्र में शासन के योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है जिससे बीजापुर जैसे पिछड़ा हुआ जिला अब विकास की ओर अग्रसर है।




कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में आ रही दिक्कतों से अवगत कराते हुए बताया कि लगातार सुरक्षा कैम्प स्थापित होने से नागरिक सुविधाओं का विस्तार अब तेजी से हो रहा है। बिजली, पानी, सड़क, स्कूल, अस्पताल सहित सभी प्रकार की बुनियादि सुविधाएं अंदरूनी क्षेत्रों में पहुंच रही है। छत्तीसगढ़ सरकार के नियद नेल्लानार योजना के तहत जमीनी स्तर पर शासन के योजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से हो रहा है। वहीं जिला स्तर पर किए जा रहे अभिनव पहल के तहत सेन्ट्रल लाईब्रेरी, गारमेंट, फैक्ट्री सहित स्कूल वेंडे वर्राट पंडूम, नियद नेल्लानार, के तहत अंदरूनी क्षेत्रों में बस सुविधा का विकास सहित पहुंचविहीन क्षेत्रों में ट्रेक्टर के माध्यम से ग्रामीणों को राशन उपलब्ध कराने की योजना एवं सपूर्णता अभियान के तहत प्राप्त उपलब्धियों से अवगत कराया।

वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने सुरक्षा व्यवस्था एवं माओवाद घटनाओं में निरंतर कमी लाने सहित छत्तीसगढ़ पुनर्वास नीति एवं नक्सल ऑपरेशन की जानकारी से अवगत कराया।

बैठक में डीएफओ श्री रंगानाथा रामाकृष्णा वाय, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेशन नदंनवार सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगरीय निकाय उपस्थित थे।

## 36 आंगनबाड़ी भवन के उन्नयन के लिए राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में आंगनबाड़ी भवनों के मरम्मत काय के लिए गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर परियोजना के 36 आंगनबाड़ी भवनों की स्वीकृति प्रदाय किया गया है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार पाण्डे के नेतृत्व एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी दीपा शाह के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा फिंगेश्वर परियोजना के 36 आंगनबाड़ी भवनों के मरम्मत कार्य करने के लिए 24 लाख 25 हजार रूपये का आबंटन मरम्मत कार्य कराने हेतु प्रशासकीय स्वीकृति कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, गरियाबंद को निर्माण एजेंसी नियुक्त किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिसमें आंगनबाड़ी भवन सुरसाबांधा 02 के लिए 60 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन क्रमांक 03 के लिए 95 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन जेंजरा क्रं. 03 के लिए 96 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन जेंजरा केंद्र क्रं. 01 के लिए 62 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन कोपरा 02 के लिए 45 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन कोपरा 05 के लिए 43 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन देवरी 04 के लिए 50 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन रोहिना 03 के लिए 90 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन बहेरापाल केन्द्र 02 के लिए 70 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन का बासीन 07 के लिए 90 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन बोरसी 05 के लिए 65 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन बोरसी 01 के लिए 62 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन धमनी 03 के लिए 82 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन देवगांव 01 केन्द के लिए 1 लाख 6 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन परसदाकला 04 के लिए 75 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन बोरिद 01 के लिए 82 हजार रू, पतोरी आंगनबाड़ी भवन के लिए 96 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन कुण्डेल 03 के लिए 85 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन बनगवा के लिए 1 लाख 8 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन लचकेरा 02 के लिए 1 लाख 1 हजार रुपये, आंगनबाड़ी भवन लचकेरा 03 के लिए 1 लाख 8 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन तर्रा केन्द्र क्रमांक 01 के लिए 84 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन लचकेरा 01 के लिए 1 लाख 6 हजार रुपये, आंगनबाड़ी भवन फिंगेश्वर 03 के लिए 62 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन फिंगेश्वर 05 के लिए 84 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन फिंगेश्वर 06 के लिए 13 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन फिंगेश्वर 08 के लिए 25 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन फिंगेश्वर 09 के लिए 10 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन फिंगेश्वर 12 के लिए 20 हजार रूपये, राजिम 01 के लिए 50 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन पथर्रा 04 के लिए 50 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन राजिम 10 के लिए 50 हजार रूपये, राजिम 12 के लिए 50 हजार रूपये, आंगनबाड़ी भवन राजिम 16 के लिए 50 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदाय किया गया है।

## बीईओ एवं सहायक ग्रेड-03 के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण जारी

**गरियाबंद।** जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत ने आज विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी किशुन लाल मतावले एवं सहायक ग्रेड-03 खेलन देवांगन बिना पूर्व सूचना एवं अवकाश आवेदन के अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित पाये गये। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण जारी करते हुये माह दिसंबर 2024 को वेतन अवरुद्ध करने जिला कोषालय अधिकारी को पत्र प्रेषित किया। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी छुरा द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में संचालक लोक शिक्षण संचालनालय इन्द्रावती भवन नया रायपुर का अवगत कराया गया है।

## डीजल चोरी करने वाले 7 गिरफ्तार



**कोरबा।** कोरबा पुलिस ने गेवरा खदान में डीजल की चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफश किया है। पुलिस ने चोरी की 2345 लीटर डीजल एवं घटना में प्रयुक्त दो बोलेरो वाहन को जब्त किया है। पुलिस ने खुलासा किया है कि चोरी में 6 पुलिसकर्मी भी संलिप्त थे। एसपी ने इन पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दरअसल, एसईसीएल गेवरा खदान में लगातार डीजल चोरी होने की शिकायत कोरबा पुलिस को मिल रही थी। खदान के सुरक्षा अधिकारी गेवरा परियोजना के द्वारा इसकी शिकायत भी थाने में दर्ज कराई थी। थाने में दी शिकायत में उन्होंने बताया कि कुछ लोगों के द्वारा 22 दिसंबर की रात खदान में डीजल चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था। इसकी सूचना जब खदान के कर्मचारियों को हुई तो वो मौके पर पहुंचे। कर्मचारियों को आता देख आरोपी मौके से भाग निकले।

## घर-घर जाकर बनाया जा रहा आयुष्मान वय वंदना कार्ड



**जशपुरनगर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को लाभ देने ''आयुष्मान वय वंदना'' का शुभारंभ हुआ है। योजना अंतर्गत 5 लाख तक निःशुल्क इलाज किए जाने का प्रावधान है। इसी तारम्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिले के सभी वरिष्ठ नागरिकों को योजना का लाभ दिए जाने हेतु सार्थक पहल किया जा रहा है। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार आज शहरी क्षेत्र के दरबारी टोली जशपुर में सुपरवाईजर टी.एस. साहू, एएनएम नीतू सिन्हा, आयुष्मान मितान कमल कान्त सिंह, मितानिन ललिता नाग के द्वारा डोर-टू-डोर जार वृद्धजनों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है।

## वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन द्वारा 11 जनवरी को आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस का आयोजन

**रायपुर (दैनंदिनी)।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छ.ग. एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छ.ग. के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा की अध्यक्षता में शनिवार, दिनाँक 28 दिसम्बर, 2024 को प्रांतीय कार्यालय, प्रोसेसर कालोनी, रायपुर में आयोजित की गयी, जिसका शुभारंभ श्री गणेश पूजन कर किया गया. इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने बताया कि समाज की एकता के सूत्रधार विप्र प्रतीक आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस का आयोजन 11 जनवरी 2025 शनिवार, शाम 4.00 बजे से वृन्दावन हॉल, सिविल लाइन, रायपुर में किया जा रहा है जिसमें आचार्य चाणक्य जी के जीवन पर विद्वान वक्ताओं व्याख्यान एवं सनातन धार्मिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाना है. महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने बताया की कार्यक्रम में उपस्थित समस्त दर्शकों से धार्मिक प्रश्न पूछे जाएंगे, सही उत्तर देने पर सम्मान पत्र से सम्मानित किया जाएगा एवं




सर्वाधिक सही उत्तर देने पर स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा. संभागीय अध्यक्ष नितिन झा ने बताया कि सम्मानित अतिथियों एवं वक्ताओं के नाम तय कर उन्हें आचार्य चाणक्य जी पर व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया जाएगा. राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणानिधि मिश्रा एवं राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा ने सभी सदस्यों को संगठन के कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की. आज की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा, कार्यक्रम संयोजक अभिषेक त्रिपाठी, संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणानिधि मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, प्रदेश महिला महासचिव सुमन मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय अवस्थी, प्रदेश सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, संभागीय सचिव सतीश शर्मा, कोषाध्यक्ष राघवेन्द्र पाठक, राधेश्याम तिवारी सहित प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे.

### केन्द्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल बीजापुर प्रवास पर

## विद्यार्थियों से की परीक्षा की तैयारी संबंधी चर्चा

**बीजापुर।** केन्द्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक नई दिल्ली अपने एक दिवसीय बीजापुर प्रवास के दौरान नवनिर्मित सेन्ट्रल लाईब्रेरी का अवलोकन किया। उक्त भवन में लाईब्रेरी के अलावा कम्प्यूटर क्लासेस उच्च तकनीक के कम्प्यूटर वीआर सेट गेमिंग जोन सहित टेलिस्कोप एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों एवं बच्चों के मनोरंजन के साधन मौजूद हैं। केन्द्रीय राज्यमंत्री श्रीमती पटेल ने लाईब्रेरी पहुंच कर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से उनकी तैयारी के संबंध में जानकारी ली जिससे एक छात्र ने नीट की तैयारी एवं एक छात्रा



द्वारा सीजीपीएससी की तैयारी करने की जानकारी दी। लाईब्रेरी का सही उपयोग कर मेहनत और लगन से परिश्रम कर सफलता अर्जित करने के लिए मंत्री महोदया द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने बताया सेन्ट्रल लाईब्रेरी को न्यू एज लार्निंग सेंटर के रूप में डेव्हलप किया जा रहा है। जहां पर विद्यार्थियों एवं सभी आयु वर्ग के लोगों को मार्डन टेक्नोलॉजी जैसे वी.आर. सेट, अत्याधुनिक कम्प्यूटर, टेलीस्कोप, एलेक्सा एवं विभिन्न प्रकार के माईन्ड गेम्स के माध्यम से लर्निंग को इंटरेक्टिव बनाया जा रहा है। जिसका लाभ जिले के विद्यार्थियों के साथ-साथ आम जन को भी हो रहा है। उक्त गतिविधियां करते हुए बच्चों ने मंत्री के समक्ष अपना-अपना अनुभव साझा किए।इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव, डीएफओ श्री रामाकृष्णन वाय, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार सहित वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे।

## निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान 80 बंदियों की हुई स्क्रीनिंग

**महासमुंद।** समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों की गंभीर बीमारियों की पहचान और उनका उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महासमुंद जिले में 'निक्षय निरामय छत्तीसगढ़' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह 100 दिवसीय अभियान 7 दिसंबर 2024 से शुरू होकर 24 मार्च 2025 तक चार चरणों में संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य टीबी, मलेरिया, कुष्ठ रोग और वृद्धजनों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान करना और उनका समुचित इलाज सुनिश्चित करना है। अभियान का संचालन कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को अभियान के तहत जिला जेल महासमुंद में विचाराधीन बंदियों का टीबी स्क्रीनिंग किया गया। इस दौरान कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गई अत्याधुनिक मशीन का उपयोग किया गया। कुल 80 बंदियों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें से 65 का एक्स-रे किया गया। इस अभियान के तहत महासमुंद जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को कमजोर और जरूरतमंद तबकों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ्य टीम ने यह सुनिश्चित किया है कि समुदाय के हर वर्ग को इस अभियान से लाभान्वित किया जाए। निक्षय निरामय छत्तीसगढ़' अभियान छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने और समाज के हर व्यक्ति को स्वस्थ जीवन का अधिकार प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में दर्ज बच्चों के पोषण ट्रैकर में होंगे आधार दर्ज

## बच्चों के आधार बनाने लगेंगे विशेष कैंप, छूटे हुए बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र भी बनाए जाएंगे


**कवर्धा (दैनंदिनी)।** भारत शासन द्वारा विकसित निगरानी सॉफ्टवेयर पोषण ट्रैकर में आंगनबाड़ी केंद्रों में दर्ज सभी हितग्राहियों के आधार नंबर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अंतर्विभागीय बैठक आयोजित कर इस कार्य की समीक्षा की। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद कुमार तिवारी ने जानकारी दी कि पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से गर्भवती और शिशुवती माताओं के आधार दर्ज किए जा चुके हैं। जिन बच्चों के आधार कार्ड बन चुके हैं, उनका सेल्फ आधार दर्ज करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। वहीं, जिन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड तैयार नहीं हैं, उनके लिए विशेष कैंप आयोजित करने की आवश्यकता जताई गई। बैठक में जिला सांख्यिकी अधिकारी सुदर्शन कुर्रे ने बताया कि जन्म प्रमाण पत्र तैयार करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत सचिव और नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका अधिकारी विहित अधिकारी होते हैं। इस पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया कि जिन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र अभी तक नहीं बने हैं, उनकी सूची संबंधित निकायों को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जनपद पंचायत) और नगर पालिका अधिकारियों को आंगनबाड़ी में दर्ज बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, एक वर्ष से अधिक पुराने प्रकरणों में सभी तहसीलदारों को प्राथमिकता से कार्यवाही कर जन्म प्रमाण पत्र तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में ईडीएम देवेश सिंह और डाक विभाग के एसडीआई अजय देवांगन ने बताया



कि कॉमन सर्विस सेंटर (ष्टस्ष्ट) और डाक विभाग के ऑपरेटरों को बच्चों के आधार कार्ड तैयार करने के निर्देश दे दिए गए हैं। साथ ही, डाक विभाग द्वारा आवश्यक स्थानों पर विशेष कैंप लगाना प्रारंभ कर दिया गया है। इस पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिक से अधिक कैंप लगाने और ऑपरेटरों की संख्या बढ़ाने के लिए कबीरधाम जिले में परीक्षा केंद्र स्थापित करने की आवश्यकता पर चर्चा की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद कुमार तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर बी.एल. राज, सहायक आयुक्त स्वर्णिम शुक्ला, जिला सांख्यिकी अधिकारी सुदर्शन कुर्रे सहित जनपदों के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी, सभी तहसीलदार और नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित रहे।

### श्रमिक पंजीयन एवं नवीनीकरण आवेदन 31 तक

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के गठन से अब तक ऐसे पंजीकृत श्रमिक जिनके पंजीयन की वैधता समाप्त हुए 01 वर्ष या उससे अधिक समय हो चुका है। ऐसे निर्माण श्रमिक 31 दिसम्बर 2024 तक पंजीयन व नवीनीकरण के लिए श्रमेय जयते मोबाइल एप्प, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र, विभागीय वेबसाइट या च्वॉइस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।



# पीएम मोदी ने कोनेरू हम्पी को विश्व रैपिड शतरंज विजेता बनने पर बधाई दी, कहा- उनकी जीत प्रेरणादायक

**खिताबी मुकाबले में हम्पी ने इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराया और देश का नाम रोशन किया। उनकी इस खास उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी।**

**नई दिल्ली** : भारतीय ग्रैंडमास्ट कोनेरू हम्पी ने रविवार को दूसरी बार विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। खिताबी मुकाबले में उन्होंने इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराया और देश का नाम रोशन किया। उनकी इस खास उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी।

**पीएम मोदी ने दी बधाई**

पीएम ने एक्स पर हम्पी को शुभकामनाएं देते हुए लिखा- 2024 फिडे महिला विश्व रैपिड चैम्पियनशिप जीतने पर हम्पी कोनेरू को बधाई। उनकी दृढ़ता और प्रतिभा लाखों लोगों को प्रेरित करती है।

यह जीत और भी ऐतिहासिक है क्योंकि यह उनका दूसरा विश्व रैपिड चैम्पियनशिप खिताब है, जिससे वह यह अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय बन गई हैं।

**अंतिम राउंड में जीत की दरकार थी**

37 वर्षीय हम्पी ने 11 में से 8.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट का समापन किया। यह भारतीय ग्रैंडमास्टर के लिए एक निर्णायक जीत थी। उन्हें चैंपियनशिप जीतने के लिए में सिर्फ जीत की ही दरकार थी।

ड्रॉ या हार से उनका सपना टूट जाता। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। रूस के 18 वर्षीय वोलोदर मुर्जिन ने पुरुष वर्ग में यह खिताब जीता। नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बाद मुर्जिन दूसरे सबसे कम उम्र के FIDE वर्ल्ड रैपिड चैंपियन हैं। नोदिरबेक ने 17 साल की उम्र में खिताब जीता था।

**2019 में भी जीता था खिताब**

हम्पी ने 2019 में जॉर्जिया के बटुमी में चैंपियनशिप जीतकर सफलता के शिखर पर पहुंची थीं। तब उन्होंने चीन की लेई टिंगजी को एक नर्वस-ब्रेकिंग आर्मगेडन गेम में हराया था। जबकि पिछले साल (2023) वह उज्बेकिस्तान के समरकंद में इसी टूर्नामेंट में रजत पदक जीती थीं। वह 2023 में रूस की अनास्तासिया बोदनारुक के खिलाफ टाईब्रेक में खिताब से चूक गईं थीं।

# अर्शदीप और बाबर साल के सर्वश्रेष्ठ टी20 खिलाड़ी की नामांकन सूची में शामिल, बुमराह को नहीं मिली जगह




**अर्शदीप इस साल टी20 विश्व कप में संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने आठ मैचों में 12.64 के औसत और 7.16 की इकॉनोमी रेट से 17 विकेट झटके थे।**

**नई दिल्ली** : भारतीय टीम के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को साल के सर्वश्रेष्ठ आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। क्रिकेट की वैश्विक संस्था आईसीसी ने 2024 के सर्वश्रेष्ठ टी20 खिलाड़ियों के नामित सदस्यों की सूची रविवार को जारी की जिसमें अर्शदीप को भी जगह मिली। अर्शदीप इस साल टी20 विश्व कप में संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने आठ मैचों में 12.64 के औसत और 7.16 की इकॉनोमी रेट से 17 विकेट झटके थे।

**इस साल अर्शदीप ने किया प्रभावित**

टेस्ट खेलने वाले देशों में अर्शदीप इस साल सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 18 मैचों में 7.49 की इकॉनोमी रेट से 36 विकेट लिए हैं। हालांकि, सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस सूची में भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को जगह नहीं मिली है जो टी20 विश्व कप 2024 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे। बुमराह टी20 विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज थे जिन्होंने आठ मैचों में 15 विकेट झटके थे।

**बाबर-हेड भी दौड़ में शामिल**

इस बीच, पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम भी नामित खिलाड़ियों में शामिल हैं। बाबर टेस्ट खेलने वाले देशों में टी20 प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 23 पारियों में 33.54 के औसत और 133.21 के स्ट्राइक रेट से 738 रन बनाए हैं जिसमें छह अर्धशतक शामिल हैं।

ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज ट्रेविस हेड तीसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने इस पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। हेड ऑस्ट्रेलिया के लिए 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 15 पारियों में 38.50 के औसत और 178.47 के स्ट्राइक रेट से 539 रन बनाए हैं जिसमें चार अर्धशतक शामिल है।

**पुरस्कार के लिए वोटिंग प्रक्रिया शुरू**

जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा को भी नामांकन खिलाड़ियों की सूची में जगह मिली है। रजा इस साल टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने थे। रजा ने 23 पारियों में 28.65 के औसत और 146.54 के स्ट्राइक रेट से 573 रन बनाए जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल है।

इतना ही नहीं, रजा ने इस साल 23 मैचों में 24 विकेट भी झटके जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 18 रन देकर पांच विकेट लेना रहा। इस पुरस्कार के लिए वोटिंग आईसीसी की वेबसाइट पर शुरू हो चुकी है और प्रशंसक अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट दे सकते हैं।

# नीतीश रेड्डी के पिता मुतयाला ने छूए गावस्कर के पैर, पूर्व बल्लेबाज को देख हुए भावुक



**जब नीतीश के पिता मुतयाला ने गावस्कर के पैर छुए तो गावस्कर की आंखों में आंसू आ गए और उन्होंने नीतीश का करियर संवारने के लिए मुतयाला का धन्यवाद दिया। गावस्कर ने कहा कि मुतयाला के त्याग के कारण ही भारत को नीतीश जैसा हीरा मिल सका।**

भारतीय टीम के युवा ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी के पिता मुतयाला रेड्डी मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी बॉक्सिंग डे टेस्ट के बीच दिग्गज पूर्व बल्लेबाज सुनील गावस्कर से मिले। नीतीश के पिता गावस्कर से मिलकर काफी भावुक हो गए और उनके पैर छूने के लिए झूके। नीतीश ने मैच के तीसरे दिन शनिवार को शानदार शतक जड़ा था और भारतीय टीम को मुश्किल से उबारा था।

**गावस्कर हुए भावुक**

जब नीतीश के पिता मुतयाला ने गावस्कर के पैर छुए तो गावस्कर की आंखों में आंसू आ गए और उन्होंने नीतीश का करियर संवारने के लिए मुतयाला का धन्यवाद दिया। गावस्कर ने कहा कि मुतयाला के त्याग के कारण ही भारत को नीतीश जैसा हीरा मिल सका। गावस्कर ने मुतयाला के साथ मुलाकात के दौरान कहा, हमें पता है कि इन्होंने कितना त्याग किया है। उन्होंने काफी संघर्ष किया, आपके कारण मेरे आंखों में आंसू आए, आपके कारण हमें हीरा मिला।

मुतयाला और गावस्कर के बीच इस भावुक क्षण को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के बैकरुम में मौजूद लोगों ने कैमरे पर कैद किया। नीतीश की शानदार पारी के बाद उनके परिवार वालों ने गावस्कर से मुलाकात की। शनिवार को जब नीतीश ने शतक लगाया तो मुतयाला अपनी भावनाएं काबू नहीं कर पाए और उनके आंसू छलक पड़े। नीतीश ने भी अपना पहला शतक पिता को समर्पित किया था।

**इरफान ने भी की मुलाकात**

भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने भी नीतीश के परिवार से मुलाकात की और कमेंट्री के दौरान उनके पिता को विनम्र व्यक्ति बताया। इरफान ने नीतीश को उसकी क्रिकेट महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए उनके अविश्वसनीय बलिदानों के लिए परिवार को भी श्रेय दिया। नीतीश ने पहली पारी में 189 गेंदों पर 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 114 रन बनाए।

**ऑस्ट्रेलिया में शतक लगाने वाले तीसरे युवा भारतीय**

नीतीश रेड्डी ने बॉक्सिंग डे टेस्ट में 171 गेंद में बोलैंड की गेंद पर चौका लगाकर शतक लगाया। यह उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक है। उन्होंने टेस्ट में पहली बार पचास से ज्यादा रन बनाए और उस पारी को शतक में बदल दिया। नीतीश इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में शतक लगाने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बन गए हैं। उनसे आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर और ऋषभ पंत हैं।

# मेलबर्न में सिर्फ एक बार चेज हुआ 300+ रन का लक्ष्य, क्या पांचवें दिन भारत रचेगा इतिहास?

**अब भारत को मेलबर्न में इतिहास भी रचना होगा और इस मैदान पर सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करना होगा, क्योंकि इससे पहले मेलबर्न में टेस्ट में सबसे सफल चेज 332 रन का था, जो इंग्लैंड ने 1928 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था।**

**नई दिल्ली** : भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की सीरीज का चौथा टेस्ट मेलबर्न में खेला जा रहा है। इस बॉक्सिंग डे टेस्ट के चौथे दिन का खेल खत्म हो चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में नौ विकेट गंवाकर 228 रन बना लिए हैं। पहली पारी के आधार पर उनके पास 105 रन की बढ़त थी। ऐसे में टीम की कुल बढ़त 333 रन की हो चुकी है। अब तक मेलबर्न में सिर्फ एक बार 300 से ज्यादा रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक चेज किया गया है।

अब भारत को मेलबर्न में इतिहास भी रचना होगा और इस मैदान पर सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करना होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे पहले मेलबर्न में टेस्ट में सबसे सफल चेज 332 रन का था, जो इंग्लैंड ने 1928 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था। 300 रन के ऊपर के लक्ष्य को बस इसी मैच में सफलतापूर्वक पीछा किया गया था। सोमवार को 98 ओवर का खेल होगा। यह देखने वाली बात होगी कि टीम इंडिया शुरुआती सत्र में ऑस्ट्रेलियाई पारी समेट पाती है या नहीं।

**लियोन-बोलैंड की साझेदारी ने पहुंचाया नुकसान**

चौथे दिन स्कॉट बोलैंड और नाथन लियोन की शानदार बल्लेबाजी ने भारत को विकेट के लिए तरसा दिया। दोनों ने 10वें विकेट के लिए अब तक 110 गेंद में 55 रन की साझेदारी कर ली है। लियोन 41 रन और बोलैंड 10 रन बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया को नौवां झटका 173 के स्कोर पर लगा था। कंगारुओं ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए थे। जवाब में भारत की पहली पारी रविवार को ही 369 रन पर समाप्त हुई थी।

लियोन और बोलैंड की साझेदारी ने भारत को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। 110 गेंद यानी दोनों मिलकर करीब 18 ओवर बल्लेबाजी कर चुके हैं। दिन के आखिरी ओवर में टीम इंडिया के पास मौका भी आया, लेकिन बुमराह की वह गेंद नो बॉल रही। बुमराह की नो बॉल पर लियोन के बल्ले का किनारा लगा और गेंद स्लिप में गई। राहुल ने कैच भी पकड़ा, लेकिन नो बॉल की वजह से लियोन को जीवनदान मिल गया।

**ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी**

ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में बल्लेबाजी खराब रही। मार्नस लाबुशेन ने सबसे ज्यादा 70 रन बनाए। वहीं, कप्तान पैट कमिंस ने 41 रन की पारी खेली। इसके अलावा लियोन ने रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पांच बल्लेबाज तो दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। इनमें सैम कोंस्टास (8), ट्रेविस हेड (1), मिचेल मार्श (0), एलेक्स कैरी (2) और मिचेल स्टार्क (5) शामिल हैं। उस्मान ख्वाजा 21 रन और स्टीव स्मिथ 13 रन बनाकर आउट हुए। भारत की ओर से बुमराह ने अब तक चार विकेट और सिराज ने तीन विकेट लिए हैं। रवींद्र जडेजा को एक विकेट मिला।

**भारत की पहली पारी**

इससे पहले रविवार को भारत ने नौ विकेट पर 358 रन से आगे खेलना शुरू किया और 11 रन जोड़ने में बाकी बचा एक विकेट गंवा दिया। नीतीश रेड्डी आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें नाथन लियोन ने स्टार्क के हाथों कैच कराया। नीतीश ने करीब 279 मिनट मैदान पर बिताए। उन्होंने आखिरी विकेट के लिए सिराज के साथ 36 गेंद में 19 रन की साझेदारी की। नीतीश ने वॉशिंगटन सुंदर के साथ आठवें विकेट के लिए 127 रन की साझेदारी निभाई। सुंदर और नीतीश दोनों ने 150-150 गेंद खेलीं। टेस्ट क्रिकेट में ऐसा पहली बार हुआ जब किसी टीम के आठवें और नौवें नंबर के बल्लेबाज ने 150+ गेंदें खेली हों। दोनों ने संयुक्त रूप से 285 गेंदें खेलीं यानी करीब 48 ओवर बल्लेबाजी की।





सुंदर 162 गेंद में एक चौके की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले यशस्वी जायसवाल 82 रन, रोहित शर्मा तीन, केएल राहुल 24 रन, विराट कोहली 36 रन और ऋषभ पंत 28 रन और रवींद्र जडेजा 17 रन बनाकर आउट हुए थे। जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप खाता नहीं खोल सके। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस, स्कॉट बोलैंड और नाथन लियोन ने तीन-तीन विकेट लिए। यशस्वी रन आउट हुए थे।

**ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी**

ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 474 रन पर समाप्त हुई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया के लिए शुरुआती तीन बल्लेबाजों ने अर्धशतक जड़े। इसके बाद स्टीव स्मिथ ने टेस्ट करियर का 34वां शतक लगाया। कप्तान पैट कमिंस ने 49 रन की पारी खेली। स्मिथ 140 रन बनाकर आकाश दीप की गेंद पर आउट हुए। उन्होंने 197 गेंद में 13 चौके और तीन छक्के लगाए। इससे पहले सैम कोंस्टास 65 गेंद में छह चौके और दो छक्के की मदद से 60 रन बनाकर आउट हुए।

ख्वाजा ने टेस्ट करियर का 27वां अर्धशतक लगाया। वह 121 गेंद में छह चौके की मदद से 57 रन बनाकर बुमराह की गेंद पर आउट हुए। वहीं, हेड खाता नहीं खोल सके। उन्हें बुमराह ने क्लीन बोल्ड किया। बुमराह ने फिर मिचेल मार्श को भी सस्ते में निपटा दिया। वह चार रन बना सके। लाबुशेन ने 145 गेंद में सात चौके की मदद से 72 रन की पारी खेली। यह उनके टेस्ट करियर का 22वां अर्धशतक रहा। इसके बाद जडेजा ने कमिंस (49) के साथ-साथ मिचेल स्टार्क को क्लीन बोल्ड किया। स्टार्क 15 रन बना सके। आखिरी विकेट नाथन लियोन के रूप में गिरा। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। वहीं, रवींद्र जडेजा को तीन विकेट मिले। आकाश दीप को दो विकेट मिले, जबकि सुंदर ने एक विकेट लिया। इस मैच के लिए दोनों टीमों में एक-एक बदलाव हुआ था। ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड की जगह स्कॉट बोलैंड और भारत ने शुभमन गिल की जगह वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया।

## व्यापार

# धारावी पुनर्विकास परियोजना का नाम बदला, अदाणी समूह की कंपनी ने कहा- नया नाम विकास, बदलाव का प्रतीक





**कंपनी ने कहा, 'नवभारत मेगा डेवलपर्स नाम कंपनी की विकास, बदलाव और उम्मीद के प्रति प्रतिबद्धता और नए नाम देने की कवायद पर आधारित है, जिसे इसके निदेशक मंडल और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की मंजूरी मिल चुकी है।'**

**नई दिल्ली** : अदाणी समर्थित कंपनी धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपीपीएल) जो धारावी की झुग्गियों को नया स्वरूप देने की महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रही है, अब उसे नवभारत मेगा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड ((एनएमडीपीएल) के नाम से जाना जाएगा। कंपनी ने कहा कि वह अपने आधुनिक, समावेशी और जीवंत समुदाय के निर्माण के वादे के अनुरूप खुद को नया नाम दे रही है। कंपनी ने कहा, 'नवभारत मेगा डेवलपर्स नाम कंपनी की विकास, बदलाव और उम्मीद के प्रति प्रतिबद्धता और नए नाम देने की कवायद पर आधारित है, जिसे इसके निदेशक मंडल और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की मंजूरी मिल चुकी है।'

**नई कंपनी में हिस्सेदारी रहेगी अपरिवर्तित**

धारावी पुनर्विकास परियोजना प्राइवेट लिमिटेड में अदाणी समूह की 80 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, जबकि बाकी राज्य सरकार के पास है। अब नई कंपनी में भी हिस्सेदारी अपरिवर्तित रहेगी। धारावी परियोजना के तहत अदाणी समूह की कंपनी मुंबई की 620 एकड़ भूमि का विकास करेगी। योजना के तहत धारावी को आधुनिक शहरी केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के करीब घनी आबादी वाला धारावी इलाका अभी झुग्गी-झोपड़ियों से भरा है, जहां करीब 10 लाख लोग खुले सीवर और साझा शौचालयों वाली जगह पर रहते हैं। परियोजना के तहत पात्र निवासियों को 350 वर्ग फुट तक के फ्लैट मुफ्त में दिए जाएंगे। इस योजना में करीब तीन अरब डॉलर खर्च होंगे।

**'देश को झुग्गी झोपड़ी से मुक्त करने का लक्ष्य'**

नाम बदलने पर कंपनी ने बयान में कहा कि 'नवभारत नाम, जिसका अर्थ है 'नया भारत', इस परियोजना की उस विशाल क्षमता को दर्शाता है जो एक बेहतर कल को आकार देने में निहित है। मेगा किए जा रहे कार्य के विशाल पैमाने और प्रभाव को दर्शाता है, जबकि डेवलपर्स कंपनी द्वारा संपन्न समुदाय के निर्माण में निभाई जाने वाली भूमिका की ओर इशारा करता है।' बयान में कहा गया है, 'जब भारत झुग्गी-झोपड़ी मुक्त होने के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य की दिशा में काम कर रहा है, धारावी का पुनर्विकास उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस नए नाम के साथ, एनएमडीपीएल राष्ट्रीय हित के प्रति अपनी प्रतिज्ञा की पुष्टि कर रहा है।

# 5 दिन में 65% चढ़ गया यह शेयर, लगातार खरीदने की मची है लूट, 11 पर आया भाव

**दीप्ना फार्माकेम लिमिटेड के शेयर पिछले सप्ताह लगातार फोकस में रहे। कंपनी के शेयर में बीते शुक्रवार को 10% तक की तेजी देखी गई और यह शेयर 11.91 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गया था।**



**नई दिल्ली** : दीप्ना फार्माकेम लिमिटेड के शेयर पिछले सप्ताह लगातार फोकस में रहे। कंपनी के शेयर में बीते शुक्रवार को 10% तक की तेजी देखी गई और यह शेयर 11.91 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गया था। बीते पांच दिन में कंपनी के शेयर 65% तक चढ़ गए हैं। इस दौरान इसकी कीमत 7 रुपये से वर्तमान प्राइस तक पहुंच गई।

**कंपनी के शेयरों के हाल**

दीप्ना फार्माकेम लिमिटेड के शेयर छह महीने में 47% चढ़ा है। महीनेभर में इस शेयर में 75% की तेजी और इस साल अब तक 32% तक की तेजी आई है। पांच साल में इसमें 54% की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी के शेयरों का 52 वीक हाई प्राइस 14.53 रुपये और 52 वीक लो प्राइस 6.40 रुपये है। इसका मार्केट कैप 28.64 करोड़ रुपये है। बता दें कि दीप्ना फार्माकेम आईपीओ अगस्त, 2022 में आया था। दीप्ना फार्माकेम एक बीएसई एसएमई आईपीओ था। दीप्ना फार्माकेम आईपीओ का प्राइस बैंड 3000 शेयरों के बाजार लॉट के साथ 38 तय किया गया था। बता दें कि कंपनी के शेयर इस साल एक्स बोनस और एक्स स्प्लिट में कारोबार किया था।

**घर बैठे तुरंत पाएं 10 लाख तक का लोन!**
मोबाइल नंबर एंटर करेंऑफर चेक करें

**कंपनी का कारोबार**

दीप्ना फार्माकेम लिमिटेड 2011 से इंडस्ट्रियल केमिकल और फार्मास्युटिकल कच्चे माल, एपीआई, सॉल्वेंट्स और फॉर्मूलेशन में एक व्यापारी, आयातक और निर्यातक है। हम अपनी अभिनव सेवा, गुणवत्ता वाले उत्पादों और हमारे द्वारा प्रदान की जाने वाली असाधारण स्तर की सेवा के लिए दुनिया भर में जाने जाते हैं।

**क्या है पेनी स्टॉक?**

पेनी स्टॉक छोटी कंपनी के शेयर होते हैं, यह आम तौर पर कम वैल्यू पर कारोबार करता है। पेनी स्टॉक उच्च अस्थिरता और कम तरलता के चलते इसमें निवेश काफी जोखिम भरा होता है।

# 'एआई से कार्टेलाइजेशन बढ़ने की आशंका, विकास के लिए निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा जरूरी', सीसीआई प्रमुख का बयान

**भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई), बाजार में गलत व्यावसायिक प्रथाओं पर रोक लगाने काम करता है। सीसीआई ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और प्रतिस्पर्धा पर भी अध्ययन शुरू किया है, जिसके 2025 के मध्य तक पूरा होने की उम्मीद है।**




**नई दिल्ली** : प्रतिस्पर्धा आयोग की प्रमुख रवनीत कौर ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से कार्टेलाइजेशन (गुटबंदी) बढ़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि पूर्वानुमानित एल्गोरिदम से कार्टेलाइजेशन में मदद मिल सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सीसीआई ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर फोकस कर रहा है, जिससे नवाचार को बढ़ावा मिले और एल्गोरिदम संबंधी पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

**बाजार पर नियंत्रण और गुटबंदी को बढ़ावा दे सकती है एआई**

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई), बाजार में गलत व्यावसायिक प्रथाओं पर रोक लगाने काम करता है। सीसीआई ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और प्रतिस्पर्धा पर भी अध्ययन शुरू किया है, जिसके 2025 के मध्य तक पूरा होने की उम्मीद है। इस अध्ययन में लॉजिस्टिक्स और एल्गोरिदम के क्षेत्र में एआई सहित विभिन्न तत्वों पर विचार किया जाएगा। सीसीआई प्रमुख ने कहा कि केवल एल्गोरिदम का उपयोग प्रतिस्पर्धा-विरोधी नहीं हो सकता है, लेकिन अगर एल्गोरिदम में हेरफेर किया जाता है, तो यह प्रतिस्पर्धा का मुद्दा है।

**डोमेन विशेषज्ञों की भर्ती कर रहा सीसीआई**

सीसीआई प्रमुख रवनीत कौर ने कहा कि हमारा ध्यान ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर है जो नवाचार को बढ़ावा देते हुए एल्गोरिदमिक पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करे। सीसीआई नियामक नए युग के बाजारों से पैदा हुई चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी क्षमताओं को बढ़ाने पर भी काम कर रहा है। हाल ही में, नियामक की इन-हाउस डिजिटल मार्केट्स एंड डेटा यूनिट (DMDU) को एक पूर्ण डिजिटल मार्केट्स डिवीजन (DMD) में अपग्रेड किया गया, जिसका नेतृत्व एक सलाहकार करता है। नियामक प्रौद्योगिकी परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और इस बीच सीसीआई प्रतिस्पर्धा का आकलन करने के लिए अधिक डोमेन विशेषज्ञों की भर्ती करने की भी योजना बना रहा है।

**बड़ी तकनीकी और ई-कॉमर्स कंपनियों से मिल रही चुनौती**

कौर ने कहा, 'एआई, डेटा एनालिटिक्स और डिजिटल मार्केट जैसे क्षेत्रों में डोमेन विशेषज्ञों की भर्ती प्राथमिकता है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि सीसीआई भविष्य के लिए तैयार रहे और तेजी से विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने के लिए अच्छी तरह से तैयार रहे। उन्होंने कहा कि बड़ी तकनीक और ई-कॉमर्स अपने विशाल पैमाने, जटिल पारिस्थितिकी तंत्र और तेजी से नवाचार के कारण बेहद चुनौतियां पेश करते हैं। हालांकि, सीसीआई एक मजबूत नियामक ढांचे के साथ इनसे पार पाने की कोशिश कर रहा है। सीसीआई की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 2023-24 में, सीसीआई को 50 एंटी-ट्रस्ट सूचनाएं प्राप्त हुईं, इनमें से 33 मामलों में कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी आचरण के संबंध में आदेश पारित किए गए और 101 संयोजनों को निपटाया गया।

# 11 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी रद्द; ठंडी प्रतिक्रिया के बाद सरकार का फैसला

**सरकार ने इससे पहले भी बेहतर प्रतिक्रिया नहीं मिलने की वजह से महत्वपूर्ण खनिज ब्लाक की नीलामी रद्द कर चुकी है। खान मंत्रालय ने इससे पहले कहा था कि चार दौर की नीलामी में 24 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लाक बेचे गए हैं।**



**नई दिल्ली** : सरकार ने कंपनियों की ओर से ठंडी प्रतिक्रिया के कारण चौथे दौर में 11 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी रद्द कर दी है। नीलामी रद्द करने के नोटिस के अनुसार, 11 में से चार ब्लॉक के लिए कोई बोली नहीं मिली, जबकि शेष सात खदानों को तीन से कम तकनीकी रूप से पात्र बोलियां मिलीं।

**कोई बोली नहीं मिली**

टंगस्टन और ग्लोकोनाइट सहित चार ब्लॉक छत्तीसगढ़ और अरुणाचल प्रदेश में स्थित हैं। नोटिस में कहा गया कि चूंकि कोई बोली नहीं मिली है, इसलिए चार खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया रद्द कर दी गई है।

**सात खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया रद्द**

कोबाल्ट, तांबा, लिथियम, निकेल और रेयर अर्थ जैसे महत्वपूर्ण खनिज पवन टर्बाइन से लेकर इलेक्ट्रिक वाहन तक स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नोटिस में आगे कहा गया कि चूंकि तीन से कम तकनीकी रूप से पात्र बोलियां ही मिलीं हैं, इसलिए इन सात खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया रद्द कर दी गई है।

**बेहतर प्रतिक्रिया नहीं मिलने की वजह से कार्रवाई**

सरकार ने इससे पहले भी बेहतर प्रतिक्रिया नहीं मिलने की वजह से महत्वपूर्ण खनिज ब्लाक की नीलामी रद्द कर चुकी है। खान मंत्रालय ने इससे पहले कहा था कि चार दौर की नीलामी में 24 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लाक बेचे गए हैं।

**भारत का ऑस्ट्रेलिया को निर्यात नवंबर में 64.4 प्रतिशत बढ़ा**

इस बीच खबर है कि भारत का ऑस्ट्रेलिया को निर्यात नवंबर में सालाना आधार पर 64.4 प्रतिशत बढ़कर 64.37 करोड़ अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया का भारत के साथ व्यापार करार है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। कपड़ा, रसायन और कृषि उत्पाद जैसे क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि की वजह से ऑस्ट्रेलिया को भारत का निर्यात बढ़ा है।

हालांकि, अप्रैल-नवंबर, 2024-25 के दौरान ऑस्ट्रेलिया को वस्तुओं क निर्यात सालाना में आधार पर 5.21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह 5.56 अरब डॉलर रह गया। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने 29 दिसंबर, 2022 को एक अंतरिम व्यापार समझौता - आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (ईसीटीए) लागू किया था।

स्वामी ,मुद्रक ,प्रकाशक ,संपादक -ब्रजेश शुक्ला c/o के. के. शर्मा पत्रकार कॉलोनी, रिंग रोड नं.2 कस्तूरबा नगर बिलासपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित एवं दैनंदिनी प्रिन्टर्स 317/4 सरोना रायपुर से मुद्रित। फोन-0771-4059450, ईमेल-dainandini@yahoo.in, mail2dainandini@gmail.com

# साल 2024 में हुए बड़े विमान हादसे, कई मशहूर हस्तियों ने गंवाई जान

साल 2024 की शुरुआत सोमवार के साथ हुई थी जबकि यह मंगलवार के दिन खत्म होने जा रहा है। साल 2024 के आखिरी कुछ दिन बचे हैं ऐसे में यह वक्त है इस साल की घटनाओं पर नजर डालने का है। यह साल तमाम हादसों का गवाह रहा है। साल 2024 में ऐसी कई बड़ी घटनाएं हुईं जिनका असर पूरी दुनिया में नजर आया। यह साल तमाम बड़े विमान हादसों के लिए भी याद रखा जाएगा। तो चलिए 2024 में हुए बड़े विमान हादसों पर एक नजर डालते हैं।

**नेपाल में भीषण विमान हादसा**

24 जुलाई 2024 को काठमांडू के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सौर्य एयरलाइंस का विमान पोखरा के लिए उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई थी। प्लेन ने सुबह करीब 11 बजे त्रिभुवन एयरपोर्ट से उड़ान भरी और इसके कुछ ही देर के बाद ही यह क्रैश हो गया। हादसे में मारे गए लोगों में से 17 सौर्य एयरलाइंस के ही स्टाफ थे, जबकि बाकी दो क्रू मेंबर्स थे। 21 साल पुराने इस प्लेन को मरम्मत कर टेस्टिंग के लिए ले जाया जा रहा था।

**नेपाल में हुआ विमान हादसा**

19 मई 2024 को ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का हेलीकॉप्टर खराब मौसम के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। इस हादसे में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन समेत 9 लोगों की मौत हो गई थी। ईरानी राष्ट्रपति के काफिले में 3 हेलीकॉप्टर थे और इनमें से 2 हेलीकॉप्टर सुरक्षित अपने गंतव्य पर उतरे थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, पायलट ने हेलीकॉप्टर से नियंत्रण खो दिया, जिसके चलते हादसा हुआ था। हेलिकॉप्टर घने कोहरे में पहाड़ी इलाके को पार करने के दौरान हादसे का शिकार हुआ था। हादसा अजरबैजान के सीमावर्ती शहर जोल्फा के करीब हुआ था जो ईरान की राजधानी तेहरान से 600 किलोमीटर दूर है।

**ईरानी राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर क्रैश**

साल 2024 के शुरुआती महीने यानी जनवरी में ही रूस का एक प्लेन क्रैश हुआ था। इस हादसे में 74 लोग मारे गए थे। बेलगोरोद इलाके में हुए इस विमान हादसे के दौरान प्लेन में 65 यूक्रेनी कैदी और 9



रूसी क्रू मेंबर थे। हालांकि, इस घटना के बाद रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा था कि यूक्रेन की तरफ से दागी गई मिसाइल एयरक्राफ्ट से टकराई थी, वहीं यूक्रेन ने इसे रूस की साजिश बताया था।

**रूस में हुआ विमान हादसा**

इसी साल जून के महीने में मलावी के उपराष्ट्रपति सौलोस क्लॉस चिलिमा और 9 अन्य लोगों की एक विमान हादसे में मौत हो गई थी। इस विमान हादसे की पुष्टि खुद मलावी के राष्ट्रपति लाजरस चकवेरा ने दी थी। करीब एक दिन से ज्यादा तक चले तलाशी के बाद उप राष्ट्रपति सौलोस चिलिमा को ले जा रहे सैन्य विमान का मलबा देश के उत्तरी भाग में एक पहाड़ी इलाके में मिला था। सौलोस चिलिमा का विमान लापता होने से पहले यह दक्षिणी अफ्रीकी देश की राजधानी लिलोंगवे से 370 किलोमीटर (230 मील) उत्तर में मौजूद म्ज़ूज़ू शहर के लिए 45 मिनट की उड़ान भर रहा था। विमान को खराब मौसम और खराब दृश्यता के कारण वापस लौटने को कहा गया था लेकिन ऐसा नहीं हुआ और हादसा हो गया।

**मलावी में हुआ विमान हादसा**

6 जनवरी 2024 को कैरेबियाई द्वीप के पास एक विमान दुर्घटना में हॉलीवुड अभिनेता क्रिश्चियन ओलिवर, उनकी दो बेटियों और पायलट की मौत हो गई थी। विमान ग्रेनाडाइन्स के एक छोटे से द्वीप पेटिट नेविस में हादसे का शिकार हुआ था। उड़ान भरने के कुछ समय बाद ही विमान में दिक्कत आ गई और वह समंदर में जा गिरा था।

**हॉलीवुड अभिनेता क्रिश्चियन ओलिवर की प्लेन हादसे में हुई मौत**

चिली के पूर्व राष्ट्रपति सेबेस्टियन पिनेरा की इसी साल हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई थी। उनका निजी हेलीकॉप्टर देश के दक्षिणी हिस्से में दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। हेलीकॉप्टर में 4 लोग सवार थे 3 लोग बच गए, जबकि पूर्व राष्ट्रपति की मौत हो गई थी।

**अफगानिस्तान में प्लेन क्रैश**

इसके अलावा इसी साल 21 जनवरी को अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में एक विमान हादसे का शिकार हो गया था। इस बिजनेस जेट में सात रूसी सवार थे, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। यह हादसा विमान के इंजन में आई खराबी के कारण हुआ था।

विमान मोरक्को की एक कंपनी का था। विमान में चालक दल के चार सदस्य और दो यात्री सवार थे।

## 2024 : शूटिंग से लेकर हॉकी, चेस सहित खेलों में प्लेयर्स ने बढ़ाया देश का मान




देश के लिए साल 2024 खेलों में काफी बेहतरीन माना जा सकता है, जिसमें एक तरफ जहां क्रिकेट मैदान पर टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप जीतने में कामयाब रही तो अन्य खेलों में भी भारतीय प्लेयर्स और टीम का कमाल प्रदर्शन देखने को मिला। इस साल पेरिस में ओलंपिक गेम्स का भी आयोजन हुआ था, जिसमें सभी फैंस को पहले के मुकाबले अधिक मेडल की उम्मीद थी, लेकिन उसमें थोड़ा निराश जरूर होना पड़ा इसके बावजूद भी कुछ खेलों में देश मेडल जीतने में कामयाब रहा जिनकी उम्मीद काफी कम की गई थी। इसमें शूटिंग पहले नंबर पर आएगा जिसमें मनु भाकर ने एक नहीं बल्कि 2 मेडल अपने नाम किए थे, वहीं जैवलिन थ्रो इवेंट में नीरज चोपड़ा इस बार गोल्ड जीतने में तो कामयाब नहीं हो सके लेकिन सिल्वर मेडल को जरूर अपने नाम किया। ऐसे में हम आपको साल 2024 में क्रिकेट छोड़ अन्य खेलों में कैसा प्रदर्शन रहा उसके बारे में बताने जा रहे हैं।

**शूटिंग मनु और अवनी का नाम हुआ इतिहास के पन्नों में दर्ज**

पेरिस ओलंपिक के लिए जब भारतीय दल रवाना हुआ था तो उसमें इस बार सबसे ज्यादा पदक जीतने की उम्मीद शूटिंग के इवेंट में की गई थी, जिसमें कुछ कैटेगिरी में निशानेबाज मेडल जीतने के काफी करीब पहुंचने के बाद चूक गए थे, लेकिन स्टार महिला निशानेबाज मनु भाकर ने इस बार ओलंपिक में देश के मान को बढ़ाने का जरूर काम किया, जिसमें उन्होंने 22 साल की उम्र में 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता इसके अलावा 25 मीटर एयर पिस्टल मिक्सड इवेंट में भी कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की। वहीं पैरालंपिक में भी भारत की महिला राइफल शूटर अवनी लखेरा ने इतिहास रचा जिसमें उन्होंने गोल्ड मेडल जीतने के अलावा एक ब्रॉन्ज को भी अपने नाम किया।

**हॉकी में जीता ब्रॉन्ज मेडल**

इस बार भारतीय हॉकी टीम का भी ओलंपिक में बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें भले ही वह गोल्ड मेडल मैच में पहुंचने में कामयाब नहीं हो सके लेकिन इसके बावजूद ब्रॉन्ज मेडल जरूर अपने नाम किया, जिससे ओलंपिक में फिर से फैंस को भारतीय हॉकी का जादू देखने को मिला।

## अलविदा 2024

# देश-दुनिया में इन 10 मुद्दों पर रही सबसे ज्यादा चर्चा

साल 2024 अब अपनी समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। ये साल देश-दुनिया के लिए कई मायनों में अहम साबित हुआ है। भारत समेत पूरी दुनिया में 2024 में कई सारी अच्छी तो कई बुरी घटनाएं भी देखने को मिलीं। एक और भारत में दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक चुनाव संपन्न हुआ तो वहीं, दुनिया के कई हिस्सों में जंग के हालात बने रहे। आइए जानते हैं ऐसी 10 खबरों के बारे में जिन्होंने साल 2024 में भारत समेत पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरी हैं।

**मध्य पूर्व एशिया में इजरायल और ईरान आमने-सामने**

साल 2024 में मध्य पूर्व में जंग के हालात और ज्यादा बढ़ गए। ईरान ने सीरिया के दमिश्क में अपने वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले के जवाब में 14 अप्रैल को इजरायल की ओर सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलें दागीं। इसके बाद ईरान ने 1 अक्टूबर को एक बार फिर से इजरायल पर 200 से ज्यादा मिसाइलें दागीं। इसके बाद इजरायल ने ईरान पर कई लक्षित हमले किए। दूसरी ओर हमास के प्रमुख इस्माइल हानिया और हिजबुल्लाह के प्रमुख हसन नसरल्लाह की हत्या हो गई। इसके बाद हमास के अगले प्रमुख याह्या सिनवार को भी इजरायल ने गाजा में मार गिराया।

**भारत के आम चुनाव में एनडीए की जीत**

अप्रैल 2024 से लेकर जून 2024 के बीच भारत में लोकसभा चुनाव का आयोजन हुआ। 543 सीटों के लिए 7 चरणों में हुए इस चुनाव का परिणाम 4 जून 2024 को जारी किया गया। लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को 292 सीटों पर जीत हासिल हुई और उसने आसानी से बहुमत हासिल कर लिया। वहीं, विपक्षी दलों के अलायंस को 234 सीटों पर जीत हासिल हुई। अन्य दलों को 17 सीटें मिलीं। सबसे ज्यादा सीटें प्राप्त करने वाले दलों की बात करें तो भाजपा को 240, कांग्रेस को 99, समाजवादी पार्टी को 37 तृणमूल कांग्रेस को 29. डीएमके को 22, टीडीपी को 16 और जदयू को 12 सीटों पर जीत मिली। नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।




**भारत और कनाडा का रिश्ता बिगड़ा**

अक्टूबर 2024 के मध्य में, भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद में तीव्र वृद्धि हुई, जो पश्चिम के साथ भारत के राजनयिक संबंधों में अपनी तरह की पहली स्थिति थी, जिसने व्यापार और सहित कई क्षेत्रों में संभावित प्रभाव के बारे में चिंताएं बढ़ा दीं। लोगों से लोगों के बीच संबंध। भारत ने छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित करने का आदेश दिया और कनाडा से भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों को वापस बुलाने का ऐलान कर दिया।

**आपातकाल का 50वाँ वर्ष**

25 जून, 2024 की तारीख को भारत में आपातकाल लागू होने के 50 साल पूरे हो गए। इस मामले पर केंद्र की मोदी सरकार और कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों के बीच जमकर बहसबाजी भी हुई। भारत में आपातकाल की अवधि 1975 से 1977 तक थी। इस दौरान देश में नागरिक स्वतंत्रताएं निलंबित कर दी गईं, प्रेस की स्वतंत्रता प्रतिबंधित कर दी गई, बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां की गईं और चुनाव स्थगित कर दिए गए। इंदिरा गांधी की सरकार ने आपातकाल को लागू करने के लिए संविधान में विशेष प्रावधानों का उपयोग किया था।

**वायनाड में भूस्खलन**

जुलाई 2024 में केरल के वायनाड में भयंकर भूस्खलन हुआ जिस कारण सैकड़ों लोगों की जान चली गई। बादल फटने की घटना के कारण मेप्पडी, मुंडक्कई और चूरलमाला भूस्खलन की चपेट में आ गए। बता दें कि बीते कुछ समय से दुनिया भर में, भूस्खलन की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। भूस्खलन से जुड़ी घटनाओं ने इसे मानव जाति के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक आपदाओं में से एक बना दिया है।

**आरजी कर रेप-मर्डर केस**

अगस्त 2024 में कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की जघन्य घटना सामने आई। जूनियर डॉक्टर का शव अस्पताल के सेमिनार हॉल के अंदर मिला था। इस घटना के बाद कोलकाता समेत पूरे पश्चिम बंगाल और देश के विभिन्न हिस्सों में बड़े स्तर पर प्रदर्शन शुरू हो गए। इस घटना के मुख्य आरोपी को एक दिन बाद गिरफ्तार कर के जेल भेज दिया गया। इस घटना ने एक बार फिर महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा के मुद्दे को चर्चा में ला दिया।

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्तापलट

अगस्त 2024 में भारत के एक और पड़ोसी देश राजनीतिक उथल-पुथल की घटना का शिकार हो गया। हिंसक प्रदर्शनों के बाद बांग्लादेश में पीएम शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट कर दिया गया। इसके बाद शेख हसीना बांग्लादेश को छोड़कर भारत आ गईं। शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचारों की संख्या बढ़ती चली जा रही हैं। इस कारण भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्ते को प्रभावित हो रहे हैं। वर्तमान में बांग्लादेश में मुहम्मद युनूस अंतरिम सरकार की कमान संभाल रहे हैं।

**अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत**

अमेरिका में नवंबर महीने की 5 तारीख को हुए राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। उन्होंने डेमोक्रेट पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस को बड़े अंतर से हरा दिया। चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को 312 इलेक्टोरल वोट और कमला हैरिस को 226 इलेक्टोरल वोट हासिल हुए। राष्ट्रपति पद के साथ ही अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव और सीनेट में भी रिपब्लिकम पार्टी ने बहुमत हासिल कर लिया है।

**सीरिया में तख्तापलट और असद की विदाई**

लंबे समय से सीरिया में शांत पड़े विद्रोही गुटों ने अपनी ताकत जुटाई और दिसंबर महीने में सीरिया की सत्ता पर कब्जा कर लिया। इसके साथ ही साल 2000 से सीरिया पर शासन कर रहे बशर अल असद की सत्ता का अंत हो गया। असद ने सीरिया को छोड़कर रूस में शरण ली है। विद्रोही समूह हयात तहरीर अल-शाम ने सीरिया का प्रशासन अपने हाथों में ले लिया है। 8 दिसंबर को हयात तहरीर अल-शाम के लोग राजधानी दमिश्क पहुंचा और असद के शासन के पतन का जश्न मनाया।

**लोकसभा में वन नेशन-वन इलेक्शन बिल पेश**

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान 17 नवंबर 2024 को लोकसभा में वन नेशन-वन इलेक्शन बिल को पेश कर दिया गया। विपक्षी सांसदों ने इस बिल पर कड़ी आपत्ति जाहिर की। विरोध के बाद भी इस बिल को स्वीकार करने के लिए सदन में वोटिंग कराई गई। बिल के समर्थन में 269 और विरोध में 198 वोट पड़े। मोदी सरकार ने कहा है कि इस बिल को व्यापक विचार-विमर्श के लिए संयुक्त संसदीय समिति यानी कि छ्क्क्ष्ट के पास भेजा जाएगा।

# मनमोहन सिंह, रतन टाटा, श्याम बेनेगल 2024 में अलविदा कह गईं ये हस्तियां

साल 2024 बीतने को है. समय का यह दौर भी अपने आखिरी दौर में है. 2 दिन और फिर साल 2025 की नई सुबह का आगाज होने वाला है. लेकिन पीछे पलटकर देखते हैं तो इस जाते हुए साल ने हमें कुछ बेहतरीन उपलब्धियां भी दी हैं तो कुछ खट्टे-मीठे अनुभव भी हासिल हुए हैं. इसके अलावा कुछ शख्स और हस्तियां ऐसी भी रहीं, जिनका साथ बस इसी साल तक था. नए साल की ओर बढ़ने से पहले एक बार फिर उन्हें याद कर लेते हैं जो अब नहीं रहे. वर्ष 2024 इतिहास में उन दिग्गजों को खोने के लिए भी याद किया जाएगा, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया. राजनीति, संगीत, कला, सिनेमा, साहित्य और व्यापार जैसे क्षेत्रों में देश ने कई महान विभूतियों को खो दिया.

**पूर्व पीएम मनमोहन सिंह और उद्योगपति रतन टाटा**

पूर्व प्रधानमंत्री और आर्थिक सुधारों के शिल्पकार डॉ. मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर को निधन हो गया. 1990 के दशक में आर्थिक संकट से देश को उबारने वाले मनमोहन सिंह की नीतियों ने भारत का भविष्य बदल दिया. वहीं, इसी वर्ष, उद्योग जगत के दिग्गज रतन टाटा के निधन से भारत के



कॉरपोरेट क्षेत्र में अपूरणीय शून्य पैदा हुआ. टाटा समूह के पूर्व अध्यक्ष रतन टाटा ने भारतीय व्यापार को वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया. 9 अक्तूबर 2024 को दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का निधन हो गया था.

**संगीत और कला के क्षेत्र में भी हुई अपूरणीय क्षति**

इस वर्ष संगीत और कला जगत से भी बड़ी हस्तियों ने हमें अलविदा कह दिया. तबला वादक ज़ाकिर हुसैन (निधन 15 दिसंबर 2024), शास्त्रीय गायक उस्ताद राशिद खान (9 जनवरी 2024), ग़ज़ल गायक पंकज उधास (26 फरवरी 2024), और भरतनाट्यम नृत्यांगना यामिनी कृष्णमूर्ति (3 अगस्त 2024) का निधन हुआ. ज़ाकिर हुसैन ने तबले को वैश्विक पहचान दिलाई और अपने करियर में चार ग्रैमी पुरस्कार जीते थे.

भोजपुरी और मैथिली लोकगीतों को लोकप्रिय बनाने वाली शारदा सिन्हा (5 नवंबर 2024) भी इस साल हमारे बीच नहीं रहीं. उनके छठ गीत भारतीय सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा बन गए थे.

**साहित्य और सिनेमा की दुनिया में भी बन गए कई रिक्त स्थान**

साहित्य जगत में मुनव्वर राना (14 जनवरी 2024), केकी एन दारूवाला (26 सितंबर 2024), उषा किरण खान (11 फरवरी 2024) और मालती जोशी (15 मई 2024) जैसे नामचीन हस्तियों का निधन हुआ. मुनव्वर राना ने अवधी और उर्दू में अपनी कविताओं से हर दिल को छुआ. सिनेमा की दुनिया ने श्याम बेनेगल (23 दिसंबर 2024) और कुमार शाहनी (24 फरवरी 2024) जैसे फिल्मकारों को खो दिया. भारतीय समानांतर सिनेमा के ये स्तंभ अंकुर, मंथन, माया दर्पण और कस्बा जैसी कालजयी फिल्मों के लिए याद किए जाएंगे.

**खानपान की दुनिया भी गमगीन**

खानपान की दुनिया में दमपुख्त शैली को पुनर्जीवित करने वाले शेफइम्तियाज़ कुरैशी (16 फरवरी 2024) और सार्वजनिक कला को नई पहचान देने वाले हनीफ कुरैशी (22 सितंबर 2024) भी अब हमारे बीच नहीं हैं.

आकाशवाणी की पहचान और लाखों श्रोताओं की आवाज़ बने अमीन सयानी (20 फरवरी 2024) के निधन से रेडियो जगत ने एक बड़ा सितारा खो दिया. 2024 को इन दिग्गजों के जाने के गहरे दुख और उनकी विरासत को सहेजने के वर्ष के रूप में याद किया जाएगा.

# भोजपुरी स्टार्स के गानों ने 2024 में मचाई धूम

भोजपुरी गानों का 2024 में जबरदस्त जलवा देखने को मिला था। पवन सिंह ने जहां बॉलीवुड में अपने गानों से धूम मचा दी वहीं निरहुआ उर्फ दिनेश लाल यादव के गाने भी काफी चर्चा में रहे हैं। इतना ही नहीं इस साल कई भोजपुरी स्टार्स के गाने सोशल मीडिया पर छाए रहे हैं, जिसपर जमकर रील्स भी बनाई गई है। मनोज तिवारी, अरविंद अकेला (कल्लू), अक्षरा सिंह और शिल्पी राज जैसे कई मशहूर सिंगर्स अपने गानों की वजह से सोशल मीडिया और लोगों के बीच जबरदस्त चर्चा में रहे हैं।

2024 में मशहूर भोजपुरी सिंगर पवन सिंह के दो बॉलीवुड गानों ने सोशल मीडिया पर ही नहीं बल्कि फिल्म इंडस्ट्री में भी धूम मचा दी थी। इस में से एक 'स्त्री 2' का हिट सॉन्ग 'आई नहीं' है, जिसमें राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर है। वहीं दूसरा गाना राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' का 'चुम्मा' शामिल है।

निरहुआ के नाम से जाने जाने वाले भोजपुरी सुपरस्टार दिनेश लाल यादव का 'मरून कलर सड़िया' इस साल का सबसे ज्यादा ट्रेड हुआ है। इस गाने ने सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया था। इस गाने से निरहुआ और आम्रपाली दुबे की शानदार जोड़ी ने धूम मचा दी।

इस लिस्ट में एक्टर और सिंगर मनोज तिवारी का नाम भी शामिल है। उनका एक पुराना गाना इस साल खूब चर्चा में रहा है क्योंकि वह 'पंचायत' के सीजन 3 में सुनाई दिया था, जिसका नाम 'ललना ह?िद के सितारा' है। भोजपुरी सुपरस्टार अक्षरा सिंह और सिंगर आर्यन बाबू ने मिलकर देवी भक्ति गीत 'देवर साथे दर्शन माई के' को अपनी आवाज दी है जो नवरात्रि के दौरान काफी चर्चा में रहा है।

भोजपुरी सिंगर शिल्पी राज के गाने सुपरहिट होते हैं। उनके गाने बजते ही फैंस झूम उठते हैं।

# साल के आखिर में अच्छी खबर, कोनेरू हम्पी ने रचा इतिहास

## जीती वर्ल्ड रैपिड चेज चैम्पियनशिप

यह साल 2024 भारतीय शतरंज के लिहाज से काफी शानदार रहा है. इस साल भारतीय तिरंगा फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट, चेस ओलंपियाड के बाद वर्ल्ड चेस चैम्पियनशिप में लहराया है. मगर साल के आखिर में भी जाते-जाते भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने अच्छी खबर दी है.

37 साल की हम्पी ने रविवार (29 दिसंबर) को इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराकर दूसरी बार वर्ल्ड रैपिड चेस चैम्पियनशिप खिताब जीता है. उन्होंने इससे पहले 2019 में जॉर्जिया में यह चैम्पियनशिप जीती थी. इसके अलावा भी



हम्पी ने कई रिकॉर्ड बनाए हैं. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए हम्पी को बधाई दी. भारत की नंबर एक महिला चेस प्लेयर हम्पी अब चीन की जू वेनजुन के बाद एक से ज्यादा बार यह खिताब जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गई हैं. वह ऐसा करने वाली भारत की पहली महिला शतरंज खिलाड़ी हैं. हम्पी ने कुल 11 में से 8.5 पॉइंट्स हासिल किए और इसके साथ खिताब अपने नाम किया. यह उनका आखिरी मुकाबला ड्रॉ होता या वो हारतीं, तो खिताब का सपना अधूरा ही रह जाता. ऐसे में हम्पी ने दमदार खेल दिखाते हुए मैच और खिताब अपने नाम किया. पुरुष कैटेगरी में यह खिताब रूस के वोलोदर मुर्जिन ने जीता. यह खिताब जीतने के साथ ही 18 साल के मुर्जिन दूसरे सबसे कम उम्र के FIDE वर्ल्ड रैपिड चैम्पियनशिप जीतने वाले प्लेयर बन गए हैं. इस मामले में नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव टॉप पर हैं, जिन्होंने 17 साल की उम्र में खिताब जीता था.

साल के आखिरी महीने यानी दिसंबर में ही गुकेश ने इतिहास रचा था. गुकेश 12 दिसंबर को ही वर्ल्ड चैम्पियन बने. उन्होंने डिफेंडिंग चैम्पियन और चीन के चेस मास्टर डिंग लिरेन को करारी शिकस्त दी थी. गुकेश यह खिताब जीतते ही विश्वनाथन आनंद के बाद वर्ल्ड चेस चैम्पियन बनने वाले दूसरे भारतीय भी बने.

## समाचार संक्षेप

### युवक पर लाठी-डंडा से हमला, दुकान को पहुंचाया नुकसान

**रायपुर।** मोतीनगर टिकरापारा में पूर्व विवाद को लेकर 5-6 लोगों ने एक राय होकर दुकान में जबरन प्रवेश कर तोड़फोड़ किए और दोपहिया वाहन को नुकसान पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अली हुसैन 40 वर्ष कविता नगर टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी सोहेल, जिबरान सैफ, आमीर, सद्दाब व अन्य ने एक राय होकर प्रार्थी के दुकान में आया और तोड़फोड़ कर दुकान के बाहर खड़ी दोपहिया वाहन को क्षतिग्रस्त किया। प्रार्थी की शिकाय पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवती से दुष्कर्म, वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

**रायपुर।** युवती से दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया के परिचित आरोपी दीपक शर्मा ने उसे अपने परिवार वालों से मिलवाने के लिए अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। जिसके बाद आरोपी ने पीड़िता को वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए 90 हजार रुपए की मांग किया। प्रार्थिया की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर।** ग्राम छतौद में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आनंदी राम कुर्रे 49 वर्ष केवतरा नेवरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केवाय 2674 को ग्राम छतौद में अपने रिश्तेदार के घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कचहरी चौक में मिली अज्ञात युवक की लाश

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के कचहरी चौक स्थित एसबीआई एटीएम के पास देर रात एक अज्ञात युवक की लाश पाई गई। शव पर कई चोटों के निशान थे, और प्रथम दृष्टया यह माना जा रहा है कि युवक की मौत शराब के नशे में गिरने से आई चोटों के कारण हुई है। मौदहापारा थाना क्षेत्र के टीआई ने बताया कि मृतक को शराब के नशे में मेकाहारा अस्पताल में रात करीब 12 बजे भर्ती कराया गया था। लेकिन बाद में वह अस्पताल से भाग निकला। रात करीब 2 बजे पेट्रोलिंग टीम ने उसे गिरते हुए देखा था। सूचना मिलने के बाद 112 की टीम ने शव को बरामद किया। घटनास्थल पर न तो खून का कोई निशान मिला और न ही मृतक के कपड़ों पर खून था। इसके बावजूद शव के कपड़े गीले थे, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि युवक गिरने के कारण घायल हुआ और बाद में उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है, और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का असली कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### 6 टीआई के साथ 3 एसआई का हुआ तबादला

**रायपुर।** पुलिस मुख्यालय रायपुर से 6 निरीक्षक और 3 उप निरीक्षकों का तबादला आदेश जारी किया गया है। आदेश में 6 निरीक्षक और 3 उप निरीक्षकों का नाम है। जिन्हे प्रदेश के अलग-अलग जिलों में तबादला किया गया है। पुलिस मुख्यायल द्वारा जारी तबादला आदेश में विशेष शाखा पुलिस मुख्यालय में पदस्थ निरीक्षक विजय कुमार राठौर को दंतेवाड़ा जिला, दिव्यकांत पांडेय को बलरामपुर, दिलीप कुमार पटेल को राजनांदगांव, दीपक साहू का बीजापुर तबादला किया गया है।

### खनिज का अवैध परिवहन करते 21 वाहन जब्त

**आरंग-रायपुर।** जिले में इस बार खनिज विभाग पूरी तरह से मुस्तैद दिखाई दे रही है। 15 अक्टूबर के बाद से क्षेत्र में सघन दौरा कर रेत, मुरूम, गिट्टी जैसे बेशकीमती खनिजों के अवैध कारोबार पर लगातार कार्रवाई कर रही है।

वहीं, बीते दो दिनों में खनिज विभाग ने रायपुर कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर उप संचालक केके गोलघाटे और खनिज अधिकारी चेरपा के मार्गदर्शन एवं प्रभारी खनिज निरीक्षक रघुनाथ भारद्वाज के नेतृत्व में रात्रिकालीन गश्त कर बिना रॉयल्टी पर्ची के खनिजों का अवैध परिवहन करते 21 वाहनों को जब्त कर जुर्माना लगाया गया है।

बता दें कि जब्त वाहनों को संबंधित थानों मंदिरहसौद, खरोरा, माना, ऊपरवारा और विधानसभा में सुपुर्द की गई है। प्रभारी खनिज निरीक्षक रघुनाथ भारद्वाज के अनुसार जब्त वाहनों में रेत, मुरूम और गिट्टी का अवैध परिवहन हो रहा था।

# डीएमएफ में 10 हजार करोड़ से ज्यादा का घोटाला : ननकीराम

**रायपुर > दैनन्दिनी.**



छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर ने आरोप लगाया है कि जिला खनिज संस्थान निधि (डीएमएफ) में 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक का घोटाला हुआ है। उन्होंने कोरबा और दंतेवाड़ा जैसे जिलों में डीएमएफ और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) फंड के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाए हैं।

**सीबीआई-ईडी जांच की मांग**-कंवर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि डीएमएफ मद के कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने बताया कि कोरबा और दंतेवाड़ा समेत राज्य के सभी जिलों के डीएमएफ कार्यों की जांच सीबीआई और ईडी से कराने की मांग को लेकर वे पहले ही प्रधानमंत्री को पत्र लिख चुके हैं।

**सोनालिया पुल प्रकरण**-कंवर ने कोरबा जिले में सोनालिया पुल के अंडरब्रिज निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कार्य डीएमएफ निधि से कराया जा रहा है, जबकि नियमों के अनुसार ऐसा संभव नहीं है। उन्होंने मौजूदा कलेक्टर पर आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए नियमों का उल्लंघन किया गया।

**पूर्व कलेक्टर पर भी आरोप**-पूर्ववर्ती कलेक्टर पर भी निशाना साधते हुए कंवर ने कहा कि उन्होंने पद का दुरुपयोग कर सैकड़ों करोड़ रुपये का घोटाला किया। उन्होंने कहा कि कमीशनखोरी के लिए मनमाने तरीके से कार्य स्वीकृत किए गए। इसके अंतर्गत सामग्री आपूर्ति, प्रशिक्षण कार्यक्रम, स्ट्रीट लाइट, महिला समितियों को सामग्री वितरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, और उद्यान विभागों में स्तरहीन निर्माण और ऊंची कीमतों पर सप्लाई शामिल हैं। कंवर ने इस घोटाले की राशि 500 करोड़ रुपये से अधिक बताई।

**भूमि अधिग्रहण और मुआवजा विवाद**-कंवर ने एसईसीएल खदानों जैसे दीपिका, कुसमुंडा और गेवरा में जमीन अधिग्रहण के मामलों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जमीन मालिकों को मुआवजा, पुनर्वास और नौकरी देने में भारी अनियमितताएं की गई हैं।

**सीबीआई जांच की मांग दोहराई**-कंवर ने एक बार फिर से इन सभी आरोपों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

## कांग्रेसजनों ने स्व. डॉ. मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजिल

**रायपुर > दैनन्दिनी.**



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजली देने श्रद्धांजली सभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने अपने दिवंगत नेता के तस्वीर पर पुष्प चढ़ा कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की। उपस्थित कांग्रेसजनों स्व. डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यो को देश के लिये उनके योगदान तथा प्रधानमंत्री और आर्थिक विशेषज्ञ के रूप में उनके द्वारा किये गये महान कार्यो को याद किया। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह सही मायने में देश भक्त थे। अपनी बुद्धि और कौशल के माध्यम से उन्होंने देश और दुनिया की अविस्मरणीय सेवा किया। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में भारत दुनिया के विकसित राष्ट्रो के समकक्ष खड़ा हो सका। देश की आर्थिक उन्नति में उनका बड़ा योगदान है। प्रधानमंत्री के रूप में अर्थशास्त्री के रूप में देश के लिये उनका योगदान अतुलनीय रहा है। आम आदमी को पहचान देने आधार कार्ड हो या आम आदमी को सशक्त बनाने के लिये सूचना का अधिकार का कानून देना या फिर किसानों को उनके जमीन का पूरा हक देने के लिये भूमिअधिग्रहण कानून बनाना हो या फिर सड़क के किनारे काम करने वाले ठेले खोमचे वाले के लिये वेंडर प्रोटेक्शन कानून बनाना या फिर रोजगार को कानून का अधिकार देने मनरेगा लाना हो, शिक्षा का अधिकार देना हो। प्रधानमंत्री के रूप मे मनमोहन सिंह जी ने इस देश के आम आदमी सशक्त बनाने के लिये अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये। उनका निधन भारत के लिये, देश की राजनीति के लिये कांग्रेस पार्टी के लिये अपूरणीय क्षति है। श्रद्धांजली सभा में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, उपाध्यक्ष गुरूमुख सिंह होरा, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेन्द्र तिवारी, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, पूर्व विधायक विनय जायसवाल, महापौर एजाज ढेबर, पूर्व विधायक अनिता शर्मा, महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, महामंत्री दीपक मिश्रा, सकलेन कामदार, सेवादल अध्यक्ष अरूण ताम्रकार सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, समय का ध्यान रखें : ओपी चौधरी

**रायपुर > दैनन्दिनी.**

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने रायगढ़ के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि अधोसंरचना विकास को लेकर जो भी प्रोजेक्ट बनाए जा रहे हैं उनका प्रस्ताव भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार करें। सड़क, पुल पुलिया, स्वास्थ्य सुविधाएं, स्कूल कॉलेज तथा अन्य दूसरे विभागों से जुड़े के कामों की रूपरेखा आने वाले 20 सालों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए बनाए जाएं। ये प्रोजेक्ट ऐसे हों जो लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आएं। वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने शनिवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय काम काज की गहन समीक्षा की। वित्त मंत्री ओपी चौधरी विभागीय अधिकारियों से उनके विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों और आगे की कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, सेतु, पीएमजीएसवाय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन, नगर निगम, केलो परियोजना, ग्रामीण यांत्रिकी विभागों के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्वीकृत कार्यों को प्रारंभ करने और गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ इन विभागों में आगे के प्रस्तावित कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक कार्यों का प्रस्ताव तैयार कर विभाग प्रमुखों को भेजें। जिससे इन्हें बजट में शामिल किया जा सके। वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि होनी चाहिए। जितने भी निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं अधिकारी




इनका नियमित निरीक्षण करें। क्वालिटी मॉनिटरिंग पर सभी का फोकस होना चाहिए। समय-सीमा में काम पूरा हो इसका ध्यान रखें। बैठक में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीएफओ स्टाइलो मंडावी, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शराब घोटाले पर कार्रवाई राजनीति से प्रेरित नहीं: साव

**रायपुर > दैनन्दिनी.**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में बस्तर ओलंपिक का जिक्र होने को पर खुशी जताई।



उन्होंने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है कि पीएम मोदी ने बस्तर ओलंपिक की चर्चा की, और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने बस्तर के युवाओं के लिए कई कदम उठाए हैं, जिससे क्षेत्र के विकास में मदद मिल रही है।

इसके अलावा, उन्होंने पूर्व मंत्री कवासी लखमा द्वारा ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताने पर पलटवार करते हुए अरुण साव ने कहा कि यह कार्रवाई राजनीति से प्रेरित नहीं है, बल्कि पूरी जांच शराब घोटाले से संबंधित है और यह देशभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। उन्होंने बताया कि जांच आगे बढ़ रही है और जब शराब घोटाला हुआ, तब कवासी लखमा प्रदेश के आबकारी मंत्री थे। साव ने कहा कि जांच के दौरान जो साक्ष्य सामने आए, उनके आधार पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह आरोप पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद हैं कि ईडी की कार्रवाई राजनीतिक कारणों से हुई है।

## नए साल में अधिकारियों के फेरबदल की संभावना

**रायपुर > दैनन्दिनी.**

नव वर्ष सन् 2025 में जहां कुछ आईएएस अधिकारियों के पदोन्नति आदेश जारी होंगे। वहीं कुछ अधिकारियों को उनके काम-काज के आधार पर पदस्थापना में फेरबदल की संभावना सूत्रों से मिली है। मिली जानकारी के अनुसार आगामी नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर अधिकारियों का कामकाज असंतोष जनक है। प्रशासनिक फेरबदल में उक्त अधिकारी भी प्रभावित होंगे। वर्ष के पहले सप्ताह में प्रशासनिक फेरबदल के तहत बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शर्मा एवं नारायणपुर कलेक्टर विपिन मांझी पदोन्नत होकर जहां सचिव होंगे वहीं उनकी पदस्थापना में भी तबादले के तहत फेरबदल होगा। प्रशासनिक फेरबदल के तहत रायपुर बिलासपुर के संभागायुक्त महादेव कावरे प्रभावित होंगे। वहीं उन्हें किसी एक संभाग में आयुक्त रखने की संभावना है। नगर निगम प्रशासक की जिम्मेदारी भी सूत्रों के अनुसार कावरे को दी जा सकती है। इसके लिए नगरीय निकाय एक्ट में संशोधन करना होगा। मंत्रालय में सचिव स्तर के दो अधिकारी रजत कुमार एवं राजेश सुकुमार टोप्पों को भी नई जिम्मेदारी दिए जाने की चर्चा है। मुख्यमंत्री के सचिव सुबोध कुमार सिंह को रायपुर कलेक्टरी के दौरान उनके अच्छे कार्यों के आधार पर बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है।



## सिलतरा फैक्ट्री में क्रेन गिरने से दो मजदूरों की मौत

**रायपुर > दैनन्दिनी.**

सिलतरा से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां हिंदुस्तान कॉइल लिमिटेड फैक्ट्री में बड़ा हादसा हो गया। यहां क्रेन गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई है। क्रेन गिरने से ऑपरेटर जितेंद्र श्रीवास और सोनू राय नामक दोनों ऑपरेटर के शव हजारों टन लोहे में दब गए। जिससे दोनों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, घटना हिंदुस्तान कॉइल्स लिमिटेड नामक फैक्ट्री की है। बताया जा रहा है कि रात को हुआ है। घटना के बाद मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम और पुलिस प्रशासन ने मलबा हटाने में जुटे। इधर घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि उन्हें प्रबंधन द्वारा दोनों की मौत की सूचना नहीं दी गई, बल्कि साथी कर्मचारियों ने हादसे की




सूचना दी। रात 2:00 बजे तक परिजनों को मृतकों को देखने नहीं दिया गया। देर रात तक मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम फैक्ट्री कर्मचारियों के साथ मलवा हटाने में जुटी थी। ष्टद्वश्च अमन झा ने बताया कि हादसा किस कारण से हुआ या जांच का विषय है। दो लोगों की मौत हुई है। इधर पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## 'अधिकारियों ने मेरे अनपढ़ होने का उठाया फायदा' : कवासी

**रायपुर > दैनन्दिनी.**

छत्तीसगढ़ में पंचायत चुनाव से पहले, कथित 2000 करोड़ रुपए के शराब घोटाले के मामले में जांच एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। इस सिलसिले में, प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व मंत्री कवासी लखमा और कुछ अन्य कांग्रेसी नेताओं के घरों पर छापेमारी की, जिससे प्रदेश की राजनीति में हलचल मच गई। इस छापेमारी पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मंत्री लखमा ने इसे राजनीति से प्रेरित कार्रवाई बताया। कवासी लखमा ने कहा कि ईडी की कार्रवाई सुबह से लेकर रात तक जारी रही, लेकिन उनके घर से कोई महत्वपूर्ण कागजात नहीं मिले। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने उनके अनपढ़ होना का फायदा उठाया और जो कागजात लाए, उन्होंने उन पर दस्तखत कर दिए। लखमा ने कहा कि अधिकारी ही कागजात को पढ़ते और लिखते थे, और इस पूरे मामले में अधिकारियों ने गड़बड़ी की है। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि यह छापा कांग्रेस द्वारा विधानसभा में उठाए गए मुद्दों के कारण भाजपा द्वारा बदनाम करने की साजिश का हिस्सा है। लखमा ने आगे कहा कि एपी त्रिपाठी जैसे अधिकारियों ने उन्हें इस घोटाले के बारे में अंधेरे में रखा और उन्होंने उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी। ईडी से पूछताछ के दौरान उनसे संपत्ति संबंधी जानकारी भी मांगी गई थी, जिसके लिए उन्होंने समय मांगा है। उन्होंने यह भी बताया कि ईडी के अधिकारियों ने उनके और उनके बेटे के मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गए हैं।



### सादगीपूर्ण ढंग से शुरू हुई राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगता

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान पर 24वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगता का परंपरागत ढंग से सादगीपूर्ण शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और खिलाड़ियों ने सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की और उनके आत्मा की शांति की कामना करते हुए श्रद्धांजलि भी दी। इस खेल प्रतियोगिता में वनवासी कल्याण आश्रम के कार्य क्षेत्र अनुसार 33 प्रान्तों के 800 से अधिक जनजातीय बालक बालिकाएं भाग ले रहे है। प्रतियोगिता में अंडमान निकोबार से लेकर पूर्वोत्तर राज्यों, उड़ीसा, गुजरात तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल तमिलनाडु, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड उत्तर प्रदेश आदि राज्यों सहित नेपाल देश के भी जनजातीय खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है। प्रतियोगिता में फुटबॉल और तीरंदाजी की स्पर्धाएं हो रही है। फुटबॉल के मैच कोटा स्टेडियम और पंडित रवि शंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी खेल मैदान पर हो रही है।

## भाजपा में महिलाओं को मिलने वाली है बड़ी जिम्मेदारी

**रायपुर।** बीजेपी महिलाओं को बड़ी जिम्मेदारी देने वाली है। ज्ञात हो कि लोकसभा में महिला आरक्षण बिल लाया गया है। इससे पार्टी में महिलाओं को बड़ी प्राथमिकता मिलेगी। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को भी जिला अध्यक्ष बनाएगी। उनके नाम भी आए हैं, जिन्हें जल्द ही तय कर लिया जाएगा। साव ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी हमेशा नारी सशक्तिकरण को लेकर काम करती रही है। राजनीति में महिलाओं को अच्छी भागीदारी मिले। इसका प्रयास भारतीय जनता पार्टी करती है। लोकसभा में इसी वजह से महिला आरक्षण बिल लाया गया। प्रदेश में जारी संगठन चुनाव को लेकर केंद्रीय पर्यवेक्षक मध्य प्रदेश के सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि यहां से जो नाम मिले हैं। उन्हें दिल्ली भेजा जा रहा है। वहां से सहमति के बाद नामों की घोषणा जल्द की जाएगी। मंडल के निर्वाचन के साथ हमने जिला अध्यक्ष की भी प्रक्रिया पूरी की है।

## ससुर के अंतिम संस्कार में गए इंजीनियर के घर चोरी

**रायपुर > दैनन्दिनी.**

**रायपुर।** रायपुर में एक इंजीनियर के घर पर चोरी की वारदात हो गई है। इंजीनियर अपने परिवार के साथ अपने ससुर के अंतिम संस्कार में बिहार गया हुआ था। इस दौरान करीब 20 दिनों तक घर सुना था। चोरों ने सुनसान घर होने का फायदा उठा लिया। फिलहाल इस मामले में पंडरी पुलिस ने इंजीनियर की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। इंजीनियर आशीष रंजन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह हर्ष विहार कॉलोनी मोवा में रहते है। आईटी कंपनी में एरिया मैनेजर के पद पर है। 7 दिसंबर को उनके ससुर का देहांत हो गया। अगले दिन पूरा परिवार घर पर ताला लगाकर अंतिम संस्कार में नालंदा बिहार चला गया। करीब 20 दिनों बाद 27 दिसंबर की रात में परिवार घर वापस लौटा। तो दरवाजे के बरामदे का कुण्डी ठीक था। घर के भीतर दरवाजे पर



लगे ताला लगा था। जिसे चोरों ने कुंडी समेत उखाड़ दिया था। इसके अलावा कमरे की भी कुंडी टूटी हुई थी। चोरों ने आलमारी में रखा सोने का हार, सोने का कंगन मांग टीका, सोने का सिक्का, सोने का झुमका, कान की बाली इसके अलावा चांदी के गहने, भगवान की मूर्ति, सिक्के, बिस्किट समेत करीब 2 लाख रुपए नगद चोरी कर लिए थे। मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस को घर के फर्श पर धूल की परख मिली है। उसमें चोरों के पांव के निशान गायब थे। जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि चोरी घर को सुनसान छोड़ते ही हो गईं थी। इसके अलावा शातिर चोरों ने घर पर पड़े हुए नकली गहनों को बिस्तर पर ही छोड़ दिया है। फिलहाल इस मामले में पंडरी पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाऐं
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक-**ब्रजेश शुक्ला** द्वारा आशीर्वाद, सी-255, रोहिणीपुरम रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं दैनंदिनी प्रिन्टर्स 317/4 सरोना रायपुर से मुद्रित। फोन-0771-4059450, ईमेल- **dainandini@yahoo.in, mail2dainandini@gmail.com**